रोहतक
रविवार, 3 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 184
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 33.7
न्यून. 24.2
haribhoomi.com



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




दीन दयाल जन आवास योजना

# DEEN DAYAL JAN AWAS YOJNA PLOT

(Under Haryana Govt. DDJAY Policy-2016 )

RERA APPROVED

RERA REGISTRATION NO.: HRERA-PKL-JJR-678-2025

General public are here by informed that Applications invited for Residential Plots under Haryana Govt. DDJAY Policy-2016 at Mayur City Sector-27, Jhajjar-NCR, Haryana. For details visit website: **https://ddjaymayurcity.com**

## FREE HOLD RESIDENTIAL PLOT

**Pay to Apply** (100% Refundable) **₹ 21,000 Only**

आवेदन की अंतिम तिथि रविवार 03.08.2025

Starting Price ₹61.9 Lakh

आवंटन तिथि मंगलवार 05.08.2025

| S. No. | Area in (Sq.Yards) | Area in (Sq.Mtr.) | Registration Amount | 10% at the time of Booking Within 5 Days | 30% Within 45 Days of Signing of Agreement to Sale | 60% as Per CLP | Total Basic Cost* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 127.637 | 106.72 | ₹ 21,000 | ₹ 6,19,039 | ₹ 18,57,118 | ₹ 37,14,237 | ₹ 61,90,395 |
| 2 | 141.525 | 118.332 | ₹ 21,000 | ₹ 6,86,396 | ₹ 20,59,189 | ₹ 41,18,378 | ₹ 68,63,963 |
| 3 | 145.597 | 121.736 | ₹ 21,000 | ₹ 7,06,145 | ₹ 21,18,436 | ₹ 42,36,873 | ₹ 70,61,455 |
| 4 | 159.872 | 133.672 | ₹ 21,000 | ₹ 7,75,739 | ₹ 23,26,138 | ₹ 46,52,275 | ₹ 77,53,792 |
| 5 | 167.684 | 140.204 | ₹ 21,000 | ₹ 8,13,267 | ₹ 24,39,802 | ₹ 48,79,604 | ₹ 81,32,674 |
| 6 | 172.872 | 144.542 | ₹ 21,000 | ₹ 8,38,429 | ₹ 25,15,288 | ₹ 50,30,575 | ₹ 83,84,292 |

EDC/IDC/Govt. & other Charges as Applicable

## ONLY 20 PLOTS ARE AVAILABLE FOR REGISTRATION

Registration of builder buyer agreement is mandatory after making a total payment of 10%

Bank Loan Available from the Leading Banks

Scan to Apply




Official E-mail ID for the project is **support@ddjaymayurcity.com**

हेल्पलाइनः **+91 - 98998-85740** Register **https://ddjaymayurcity.com**

## खबर संक्षेप

### पीएम ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है यानि हमें अपने देश में ही चीजों का निर्माण कर उपयोग करना है क्योंकि रोजगार तब बढ़ेगा जब हम अपने देश में ही इन चीजों एवं वस्तुओं का निर्माण करेंगे और हिन्दुस्तान में बनी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे''। श्री विज ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने न केवल आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी मजबूत पहचान भी बनाई है और प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों से देश का हर क्षेत्र कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप्स, महिला सशक्तिकरण व बुनियादी ढांचे में भी तेजी से विकास हुआ है।

### खेलों में ताकत बना प्रदेश : अरविंद शर्मा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज हरियाणा देश की सबसे बड़ी खेल ताकत के तौर पर उभरा है, क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने खिलाड़ियों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करते हुए उनकी प्रतिभा को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने भरोसा जताया कि राई (सोनीपत) में स्थापित हरियाणा खेल यूनिवर्सिटी आने वाले समय में हरियाणा की इस भूमिका को बढ़ाने व वर्ष 2036 ओलंपिक तक हरियाणा 36 ओलंपिक पदक जीते, इसमें बड़ा योगदान देगी।

### विभाजन की विभीषिका पर विचार गोष्ठी आयोजित

**पंचकूला।** पंचकूला विधानसभा प्रभारी घनश्याम दास अरोड़ा, विधायक यमुनानगर ने कल शनिवार को भाजपा जिला मुख्यालय पंचकमल में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में कहा, 1947 में हिंदुस्तान और पाकिस्तान के मध्य हुए विभाजन के पश्चात उत्पन्न अफरातफरी के माहौल में अपना घर, व्यापार, खेत, खलिहान छोड़ पाकिस्तान से पलायन कर हिन्दुस्तान में शरणार्थी बन कर आने वालो ने पुरुषार्थी बनकर देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित इस जिला स्तरीय बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष विशाल सेठ, समाजसेवी आर पी मल्होत्रा सहित प्रदेश, जिला एवं मंडलो के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान का पहला चरण आठ से

**गुरुग्राम।** अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त 79वें स्वतंत्रता दिवस तक तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण 8 अगस्त तक, दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होगा।

---

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों के परिचयात्मक कार्यक्रम को संबोधित किया

# कर्मचारी मिलकर सशक्त, समावेशी व आत्मनिर्भर हरियाणा का निर्माण करें

**मुख्यमंत्री बोले - विपक्ष के नेता लगाते थे नौकरियों की बोली, हमने युवाओं को मेरिट के आधार पर दी नौकरियां**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कर्मचारी राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं और प्रदेश के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों का कार्यक्षेत्र चाहे जो भी हो, भावना केवल एक होनी चाहिए जनहित सर्वोपरि। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि सभी एक टीम की तरह मिलकर एक सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर हरियाणा का निर्माण करें।

- सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में 30 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी
- 1. 6 लाख से ज्यादा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ा

मुख्यमंत्री शनिवार को पंचकूला में आयोजित नवनियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों के परिचयात्मक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

नायब सिंह सैनी ने कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकारी नौकरी मात्र नौकरी नहीं होती, बल्कि यह उस मातृभूमि की सेवा का अवसर होता है, जिसने हमें सब कुछ दिया। उस समाज की सेवा जिसने हमें पहचान दी। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी जनता और शासन के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा विकास और नवाचार की धरती है। हरियाणा आज देश में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल गवर्नेंस जैसे हर क्षेत्र में हम नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। यह सफलता केवल नीति-निर्माताओं की नहीं, यह सफलता मेहनती और ईमानदार अधिकारियों व कर्मचारियों की भी है, जो दिन-रात अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं।




### जन सेवा ही परम धर्म के मंत्र के साथ काम कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार वर्ष 2014 से जन सेवा ही परम धर्म के मंत्र के साथ गति से काम कर रही है। राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाई है। आज यह नीति केवल कागजों पर नहीं है, बल्कि जमीन पर हकीकत में दिखती भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में हर क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। वर्ष 2014 में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में 14वें स्थान पर था, लेकिन पिछले 11 वर्षों में आर्थिक उन्नति के बाद आज भारत की अर्थव्यस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन चुकी है।

### मेहनत के बल पर मिल रही नौकरियां



मुख्यमंत्री ने विपक्ष के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों के दौरान विपक्ष के एक नेता चुनाव प्रचार के दौरान कह रहे थे कि मुझे 50 वोट दो और मैं एक नौकरी दूंगा। नौकरियों की बोलियां लग रही थी, लेकिन हमारी सरकार ने आज इस प्रकार के सिस्टम के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है और केवल मैरिट के आधार पर नौकरियां दी हैं। आज गरीब परिवारों के बच्चे भी सरकारी नौकरी में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में 30 हजार सरकारी नौकरियां दी हैं। ग्रुप सी व डी के पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार खत्म कर लिखित परीक्षा का प्रावधान किया है। सरकारी नौकरियों के अलावा, 2083 रोजगार मेलों का आयोजन करके 1 लाख 6 हजार 283 युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ा है।

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मियों में से किसी को भी नहीं हटाया जाएगा

**योगेंद्र शर्मा (चंडीगढ़)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित नवनियुक्त ग्रुप-डी कर्मियों के बहाने एक तीर से कई निशाने साधे साथ ही कर्मियों को नसीहत दी-सेवक बनिए, साहब नहीं कई भर्ती होने के बाद में साहब बन जाते हैं। मुख्यमंत्री ने बरसात के सीजन में गुरुग्राम और अन्य शहरों में जलभराव की समस्या को लेकर कहा कि पहले पूरे-पूरे दिन जलभराव रहा करते थे लेकिन अब तीन चार घंटों में ही जलभराव समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि समस्या बताने के साथ साथ में समाधान भी बताना चाहिए। उन्होंने पंचकूला के इस कार्यक्रम में अपने अलग ही अंदाज और स्थानीय भाषा में विपक्ष कांग्रेस के नेताओं सहित पूर्व की सरकारों पर जमकर हमले बोले साथ ही पुराने सिस्टम के बारे में बताया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2014 से पहले की याद दिलाई और कहा कि भारत की आर्थिक व्यवस्था लचर पचर थी लेकिन अब भारत चौथे स्थान पर आकर खड़ा हो गया है। शनिवार को पंचकूला इंद्रधनुष स्टेडियम में मुख्यमंत्री नायह सिंह सैनी ने मजाहिया लहजे और हल्की-फुल्की बातों के दौरान सीईटी का पेपर शांतिपूर्ण ढंग से कराने, बच्चों को बस सेवा उपलब्ध कराने आदि बातों का जिक्र किया।

### जब क्लर्क किसान के कागज का जल्द निपटान करता है, यही सुशासन : सैनी

उन्होंने कहा कि जब एक क्लर्क सही समय पर एक किसान के कागज और काम का निपटारा करता है, तो लोगों को लगता है कि यह उसकी सरकार है, यही सुशासन है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर सियासी हमला बोला व बताया कि विधानसभा चुनावों से पहले उन्होंने 50 हजार नौकरी का वादा किया था। इस क्रम में 16 से 17 हजार बच्चों को जॉइनिंग का लेटर दिया था लेकिन हमारे विपक्ष के साथी हाई कोर्ट में पहुंच गए, उनका एक दिग्गज मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास गया ताकि रिजल्ट जारी नहीं हो सके।

## आरती राव ने अटेली-नारनौल में रेल सेवाओं के विस्तार के लिए केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री आरती सिंह राव ने अटेली-नारनौल क्षेत्र के यात्रियों की लंबे समय से चली



आ रही रेल समस्याओं के समाधान के लिए एक अहम पहल की है। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार, गाड़ियों के नियमित संचालन तथा ठहराव सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने यह पत्र अटेली-नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ के दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा उठाई गई मांगों और स्थानीय नागरिकों की आवश्यकताओं के मद्देनजर भेजा गया है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि अटेली, नारनौल और महेन्द्रगढ़ क्षेत्र के लोगों को सीमित रेल सुविधाओं के चलते रोज़मर्रा की यात्रा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे शीघ्र दूर किया जाना आवश्यक है।

### इनेलो बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी घोषित

**चंडीगढ़।** संगठन का विस्तार करते हुए शनिवार को इनेलो के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक प्रधान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला और प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा से विचार विमर्श करके बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी घोषित की। महंत बलदेव दास को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का वरिष्ठ उपप्रधान, इंद्र सिंह ढुल, एडवोकेट दिलबाग सिंह, रि. एचसीएस डीआर कैरों, रि. एचसीएस प्रेम चंद और तेजपाल शर्मा पतरेड़ी को उपप्रधान, रि. एचसीएस संतलाल पचार, रि. एचसीएस सुभाष सिहाग, राम प्रकाश गोगी, एडवोकेट दरियाव सिंह, जय सिंह पासवान और रोहतास खत्री को महासचिव, ऋषि राज शर्मा, एडवोकेट जगदीप सिंह और महेश कुमार रूबी को सचिव, महेंद्र सिंह दहिया को कोषाध्यक्ष, जयवेंद्र दलाल, प्रो. दयानंद, केएल लुथरा, पूर्व प्रिंसिपल धर्मबीर दहिया, रि. डीडीपीओ लालराम यादव व अन्य को बनाया गया।

## सीएम ने रामायण के बाल कांड का पंजाबी अनुवाद का किया विमोचन



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भगवान महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के बाल कांड का पंजाबी अनुवाद का विमोचन किया। इसमें भगवान श्रीराम के बचपन की लीलाओं का वर्णन किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सप्तसिंधु वाल्मीकि अध्ययन केंद्र और हरियाणा साहित्य व संस्कृति अकादमी का विशेष रूप से धन्यवाद करता हूं। इनके संरक्षण में यह महान कार्य किया गया है। इनके संरक्षण में समाज को एक अमूल्य धरोहर दी गई है। इसलिए आज का दिन बहुत ही आध्यात्मिक व ऐतिहासिक है। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त, 2020 को श्रीराम लला मंदिर के भूमि पूजन समारोह में भाग लिया था, विश्वभर में रह रहे करोड़ों श्रीराम भक्तों ने गर्व व गौरव का अनुभव किया।

- मुख्यमंत्री ने सप्तसिंधु वाल्मीकि अध्ययन केंद्र व हरियाणा साहित्य अकादमी का आभार जताया

### समाज को नई प्रेरणा मिलेगी : नायब

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि श्रीराम लला का मंदिर हमारी संस्कृति का आधुनिक प्रतीक है। यह मंदिर आने वाली पीढ़ियों में आस्था, श्रद्धा और संकल्प की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि जो रामायण के बाल कांड का पंजाबी में अनुवाद हुआ है हमारी संस्कृति और आपस का संगम है, जो अधिक मजबूत होगा और इसका दूरगामी प्रभाव पडेगा। इससे हर व्यक्ति को प्रेरणा लेने का मार्ग मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आए सभी लोगों को रामायण के बाल कांड की पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी सहित अन्य मौजूद रहे।

## परिवहन मंत्री विज सम्मानित, अनुभवी और जनसेवा को समर्पित नेता : पंवार

**चंडीगढ़।** प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज एक अत्यंत सम्मानित, अनुभवी और जनसेवा को समर्पित नेता हैं। उनका दशकों का राजनीतिक अनुभव, सरलता और जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें जनता के बीच बेहद लोकप्रिय बनाती है। विकास एवं पंचायत मंत्री पंवार ने



कहा कि वे स्वयं भी अनिल विज का मान सम्मान करते हैं। पूरे प्रदेश से लोग कैबिनेट मंत्री अनिल विज के पास अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं और वे बिना भेदभाव के सबकी मदद करते हैं। वह एक ऐसे नेता हैं जो जन-जन के प्रिय हैं और जनता का अपार विश्वास उनके प्रति है। पंवार ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके एक बयान को तोड़-मरोड़ कर और गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। मंत्री अनिल विज का राजनीतिक अनुभव कई जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और नेताओं का परस्पर सम्मान लोकतंत्र की बुनियाद है, जिसे हमें हर हाल में बनाए रखना चाहिए।

## प्रदेश के विकास में भाजपा का हर कार्यकर्ता एक स्तंभ : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पंचकूला विधानसभा रामगढ़ और बरवाला के दर्जनों लोगों को भाजपा में शामिल किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्ष अजय मित्तल की उपस्थिति में बड़ौली ने सभी नए सदस्यों को पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया और हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा में शामिल हुए सभी लोगों ने भी भाजपा की नीतियों में अपनी आस्था प्रकट की।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भरोसा जताते हुए कहा कि सभी नए साथी भाजपा के साथ मिलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

# जेलों में क्षमता से ज्यादा कैदी, सुधार में जुटे डीजी जेल

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

राज्य की जेलों में क्षमता से ज्यादा कैदियों को रखा जा रहा है, इस समस्या को देखते हुए भले ही नई जेलों का निर्माण चल रहा हो लेकिन जेल प्रशासन- आल-इज-वैल कहने से पीछे नहीं हट रहा है। कश्मीर में पत्थरबाजी करने वाले आपराधिक तत्वों और कश्मीरी आतंकियों को भी हरियाणा की कई जेलों में रखने की अहम जिम्मेदारी जेल प्रशासन निभा रहा है। आने वाले वक्त की चुनौतियों और जेलों के अंदर से बड़े गैंगस्टरों द्वारा धमकियां देने, मोबाइल का इस्तेमाल करने जैसी कई चुनौतियां झेल रहे जेल से संबंधित अधिकारी भी सीमाओं में बंधे हुए हैं, आंकड़ों पर गौर करें, तो इस वक्त हरियाणा की तीन केंद्रीय जेलों और 17 जिला जेलों के अंदर 27 हजार 230 कैदियों लगभग रखा जा रहा है। जबकि इन सभी जेलों की क्षमता 22,837 है। अर्थात जेलें ओवरलोडिड हैं। इसमें पंचकूला और फतेहाबाद के अलावा चरखी दादरी में जेल निर्माण और प्रक्रिया चल रही है। जबकि रेवाड़ी में जेल बन चुकी है, इसका उद्घाटन भी हो चुका है। इन तीनों जेलों में 12 सौ के करीब कैदियों को रखने की क्षमता होगा अर्थात 366 कैदियों को इनके निर्माण के बाद में इनमें समायोजित किया जा सकेगा, इसके अलावा रेवाड़ी की क्षमता भी लगभग एक हजार के करीब है।

### जेलों के निर्माण की 100-100 करोड़ लागत

सभी जेलों पर लगभग सौ-सौ करोड़ की राशि लागत आती है। हरियाणा सभी जेलों और हाउसिंग फ्लैट्स हरियाणा पुलिस हाउसिंग द्वारा बनाए जाते हैं। जिनके निर्माण की बात करें, तो सौ-सौ करोड़ के आसपास आती है। कुल मिलाकर राज्य सरकार इनके लिए राशि आदि देकर प्रक्रिया को आगे बढ़ा चुकी है। जल्द ही जेलों का निर्माण किया जाएगा।

### जेलों में कश्मीरी पत्थरबाज और आतंकी भी

जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वाले आतंकियों को भी वहां से शिफ्ट कर जहां हरियाणा की कई जेलों में रखा गया है। वहीं, सेना और पुलिस पर पत्थरबाजी कर उनको गुमराह करने और आतंकियों के आकाओं को बचाने वालों को भी यहां पर रखा गया है। झज्जर, यमुना नगर, करनाल फरीदाबाद जेलों में कई साल पहले शिफ्ट किया गया था। इसी प्रकार से भोंडसी गुरुग्राम में भी पत्थरबाजों और आतंकियों को शिफ्ट किया गया था। हरियाणा की इन जेलों का जेल प्रशासन जहां इन पर कड़ी निगरानी का पहरा रखे हुए है, वहीं इनको समय समय पर इधर से उधर भी किया जाता है। कुल मिलकार हरियाणा की जेलों और अफसरों की ओर से यह अहम जिम्मेदारी भी निभाई जा रही है।

---

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व भूपेंद्र यादव ने गांव सकतपुर के समीप जंगल सफारी के प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

# जंगल सफारी : चार चरणों में परियोजनाओं का काम पूरा होगा, पहले चरण में 2500 एकड़ भूमि पर काम होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रदेश में गुरुग्राम और नूंह जिला के 10 हजार एकड़ में प्रस्तावित जंगल सफारी आने वाले दिनों में पर्यटन के क्षेत्र में आकर्षण का बड़ा केंद्र होगी। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को गुरुग्राम के सकतपुर के पास जंगल सफारी के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। हरियाणा के वन, पर्यावरण एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर भी इस दौरान साथ रहे।

- जंगल सफारी के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार
- अरावली क्षेत्र का विकास होगा, युवाओं को मिलेगा रोजगार

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। हरियाणा से होकर गुजरने वाली अरावली पर्वत श्रृंखला की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता व ऐतिहासिक विरासत को संरक्षण प्रदान करने में जंगल सफारी एक महत्वपूर्ण परियोजना साबित होगी। उन्होंने बताया कि जंगल सफारी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

इस परियोजना को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। चार चरणों में प्रस्तावित इस परियोजना का पहला चरण 2500 एकड़ में पूरा होगा।



**गुरुग्राम।** जंगल सफारी के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करते केंद्रीय मंत्री।

### अरावली क्षेत्र में इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा : मनोहर

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह परियोजना अरावली में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण, वन्य जीवों के प्रति जागरूकता तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया कराने में महत्वपूर्ण साबित होगी। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए केंद्र की ओर से पूरा सहयोग देने की बात कही। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के समीप यह एक बड़ा पर्यटन केंद्र विकसित होगा। उन्होंने गांव सकतपुर के समीप जंगल सफारी के प्रस्तावित स्थल का अवलोकन किया और पहले चरण के लिए प्रस्तावित योजना पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री व हरियाणा के वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापक विचार विमर्श किया। परियोजना को लेकर तैयार योजना के तहत इस क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधों की स्थानीय प्रजातियों का विकास किया जाएगा।

## मानेसर में पांच स्थानों पर चार हजार पौधे लगाए



**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम'अभियान को अब औद्योगिक संगठनों से भी अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। शनिवार को आईएमटी मानेसर में आयोजित विशेष पौधारोपण कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा हरियाणा के पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह तथा जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में 4 हजार से अधिक औद्योगिक प्रतिनिधियों ने एक साथ पौधारोपण कर अभियान को गति दी। कार्यक्रम के दौरान मानेसर के पांच विभिन्न स्थलों सेक्टर 2 स्थित होंडा पॉइंट तथा सोना कोमस्टार संस्थान, सेक्टर 8 स्थित मारुति के प्रवेश द्वार तथा विविडीएन, सेक्टर 5 स्थित फोर्टिस अस्पताल परिसर तथा बाहर स्थित ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण के प्रति सामूहिक संकल्प की मिसाल पेश की गई। सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर में पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

## मस्जिद से हटाया राष्ट्रीय ध्वज, हाईकोर्ट का अग्रिम जमानत देने से इनकार

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने हाल ही में गुरुग्राम के उटोन गांव में एक मस्जिद से राष्ट्रीय ध्वज हटाकर उसकी जगह भगवा झंडा लगाने के आरोपी व्यक्ति को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस मनीषा बत्रा ने कहा कि आरोपी विकास तोमर के खिलाफ आरोप अस्पष्ट या सामान्य नहीं थे, बल्कि विशिष्ट थे और उसके और अन्य आरोपियों के बीच बातचीत से इसकी पुष्टि होती है न्यायालय ने सार्वजनिक व्यवस्था और सांप्रदायिक शांति पर अपराध के प्रभाव की ओर भी इशारा किया तथा कहा कि मामले में गहन और उचित जांच किए जाने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि इस स्तर पर अपराध की गंभीरता और सार्वजनिक व्यवस्था व सांप्रदायिक शांति पर इसके संभावित प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता द्वारा कोई असाधारण या अपवादात्मक परिस्थिति दर्ज नहीं की गई है जिसके आधार पर गिरफ्तारी-पूर्व जमानत दी जाए, खासकर कथित आचरण के गंभीर सांप्रदायिक और संवैधानिक निहितार्थों को देखते हुए। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 7 जुलाई को बिलासपुर, गुरुग्राम से एक शिकायत प्राप्त हुई थी कि असामाजिक तत्वों ने एक मस्जिद से राष्ट्रीय ध्वज हटाकर वहां भगवा झंडा लगा दिया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई।

HARYANA TOURISM
तिलयार पर्यटन केंद्र
दिल्ली रोड, रोहतक, मोबाइल: +91 7355871300 फ़ोन: +91 1262 273119

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा पर्यटन निगम, तिलयार पर्यटन केंद्र, रोहतक पर कंडम / पुराने सामान की नीलामी करना तय हुआ है। जो कि सार्वजनिक नीलामी द्वारा दिनांक 12.08.2025 को दोपहर 3 बजे तिलयार पर्यटन केंद्र, रोहतक पर खुली बोली द्वारा नीलाम किया जाएगा। खुली बोली में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना कोई भी एक वैध पहचान प्रमाण जैसे कि आधार कार्ड / वोटर कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस आदि व 10,000/- रूपये बतौर सिक्योरिटी जमा करवाने होंगे। नीलाम किये जाने वाले कंडम / पुराने सामान में Furniture & Fixture, Electrical Gadgets, Crockery and Cutlery, Linen items, Horticulture Equipment's इत्यादि शामिल हैं।

इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्यदिवस में, कार्यालय, तिलयार पर्यटन केंद्र, रोहतक पर आकर कंडम / पुराने सामान को देख सकता है। इस नीलामी का अंतिम अधिकार मैनेजमेंट के पास सुरक्षित है। बोली को बिना कारण बताये स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार हरियाणा पर्यटन निगम के पास सुरक्षित है।

प्रबंधक, तिलयार पर्यटन केंद्र, रोहतक

रोहतक
रविवार, 3 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 184
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 33.7
न्यून. 24.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







*सीएम नायब सैनी ने पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में किया उद्घाटन*

# छठे राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का आगाज, 26 खेलों में 15,410 खिलाड़ी करेंगे जोर आजमाइश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में शनिवार को छठे राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का भव्य आगाज़ हो गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कबड्डी मैच की शुरुआत कर खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया और प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सैनी ने कहा कि इस वर्ष के खेल महाकुंभ में प्रदेश के 15,410 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जो 26 विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह खेल महाकुंभ केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह युवाओं के सपनों को उड़ान देने का एक सशक्त मंच है। इस आयोजन से न केवल खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर पहचान मिलती है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार किया जाता है। खेल महाकुम्भ की शुरुआत हरियाणा के स्वर्ण जयंती वर्ष 2017 में की गई थी। तब से अब तक पांच खेल महाकुम्भों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है।

**प्रतियोगिता**

सीएम बोले, खेल महाकुंभ केवल आयोजन नहीं, युवाओं के सपनों को उड़ान देने का मंच

■

भारत की खेल प्रतिभा, समर्पण और अनुशासन का प्रतीक



### 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए तैयारी शुरू

सीएम सैनी ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में भारत को एक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। इन खेलों की मेज़बानी भारत में करवाने का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस दिशा में हरियाणा पहले ही सक्रिय हो गया है। वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी देश के लिए सर्वाधिक पदक जीतकर भारत को वैश्विक मंच पर गौरव दिलाएंगे।

### हर गांव तैयार करे खिलाड़ी

सीएम ने कहा कि हरियाणा का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर गांव एक ऐसा खिलाड़ी तैयार करे, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का तिरंगा फहराए। इसी उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में 'खेल महाकुंभ' का आयोजन एक स्वर्णिम अध्याय सिद्ध होगा। हमारा दीर्घकालिक उद्देश्य केवल हरियाणा को भारत की खेल राजधानी बनाना नहीं, बल्कि उसे विश्व की खेल राजधानी के रूप में स्थापित करना है।

### हरियाणा खेलों की नर्सरी

सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज हरियाणा को 'खेलों की नर्सरी' कहा जाता है। हमें खिलाड़ियों पर गर्व है, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। चाहे वे ओलंपिक खेल हों, एशियाई खेल हों या राष्ट्रमंडल खेल हों, हरियाणा ने हर मोर्चे पर तिरंगे को ऊंचा फहराया है। खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक 2024 में देश द्वारा जीते गए 6 पदकों में से 5 पदक जीते। टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत द्वारा जीते 7 पदकों में से 4 पदक हरियाणा ने हासिल किए।

## खबर संक्षेप

### बरवाला के पूर्व विधायक इन्द्र सिंह नैन का निधन



**बरवाला।** पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्र सिंह नैन का शनिवार को निधन हो गया। लगभग 92 वर्षीय पूर्व विधायक कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनका हिसार के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पूर्व विधायक इन्द्र सिंह नैन का शनिवार को उनके पैतृक गांव हसनगढ़ में अंतिम संस्कार कर दिया गया। नैन लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे। वे कांग्रेस के टिकट पर 1982 में विधानसभा चुनाव जीते और 1987 तक बरवाला से विधायक रहे। हरिभूमि न्यूज

### अभिनेत्री रम्या को धमकी देने के आरोप में दो पकड़े



**बेंगलुरु।** मांड्या की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री रम्या को अश्लील संदेश भेजने और ''बलात्कार एवं जान से मारने की धमकी'' देने के आरोप में केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने शनिवार को दी। भाषा

### जम्मू-कश्मीर में दो आतंकवादी मारे गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने कहा, आतंकियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के अखल के वन क्षेत्र में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद रात में दोनों के बीच मुठभेड़ शुरु हुई। शुरुआत में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी शुरू होने के बाद रात में अभियान को रोक दिया गया था। भाषा

### वाड्रा की बढ़ी मुश्किलें 28 अगस्त को पेशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा समेत अन्य आरोपियों को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नोटिस जारी किया है। अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख तय की है।यह नोटिस प्री-कॉग्निजेंस (पूर्व संज्ञान) चरण में प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनना है।

### नीट पीजी आज, एडमिट कार्ड के बिना नो एंट्री

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज 3 अगस्त को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर यानी नीट पीजी 2025 का आयोजन करेगा। परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:45 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। छात्रों को समय से एक घंटा पहले एडमिट कार्ड लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो, जो भी कैंडिडेट इस परीक्षा में शामिल होंगे, वो अपना एडमिट कार्ड लाना बिल्कुल ना भूलें, क्योंकि इसके बिना एग्जाम सेंटर पर एंट्री नहीं मिलेगी। एजेंसी

## नौकरानी के साथ दुष्कर्म के मामले में विशेष अदालत का फैसला

# पूर्व पीएम के पोते रेवन्ना को उम्रकैद, साड़ी बनी सबूत

भाषा ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने पूर्व सांसद एवं जनता दल (सेक्युलर) (जेडीएस) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी के साथ बलात्कार के मामले में शनिवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सांसदों/विधायकों के लिए विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने दोषी पर कुल 11.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। दोषी को 11.25 लाख रुपये पीड़ित को भी देने होंगे। अदालत ने शुक्रवार को 34 वर्षीय रेवन्ना को उसके खिलाफ दर्ज यौन शोषण और बलात्कार के चार मामलों में से एक में दोषी ठहराया था। यह मामला 48 वर्षीय उस महिला से जुड़ा है, जो हासन जिले के होलेनरसीपुरा में स्थित रेवन्ना परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में नौकरानी के रूप में काम करती थी। वर्ष 2021 में उसके साथ दो बार बलात्कार किया गया था और आरोपित ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया था। इससे पहले दिन में रेवन्ना ने कम सजा दिए जाने की अपील की और दावा किया कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया। बता दें कि इस मामले में साड़ी अहम सबूत थी।

### अदालत ने दोषी पर 11.50 लाख का जुर्माना भी लगाया

पीड़ित को 7 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश

■

फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने दर्ज करवाया था केस



### 113 गवाहों के बयान दर्ज

मामले की जांच करने वाले विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सितंबर 2024 में 113 गवाहों के बयानों के साथ 1,632 पृष्ठों का आरोप-पत्र दाखिल किया था। प्रज्वल पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 376(2)(के) (किसी महिला पर नियंत्रण या प्रभुत्व की स्थिति में होने पर उसके साथ बलात्कार करना), 376 (2)(एन) (एक ही महिला से बार-बार बलात्कार करना), 354ए (यौन उत्पीड़न), 354बी (किसी महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 354सी (ताक-झांक), 506 (आपराधिक धमकी) और 201 (साक्ष्यों को गायब करना) तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66ई (गोपनीयता का उल्लंघन) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### पूर्व सांसद प्रज्वल ने यह दी दलील

पूर्व सांसद ने अदालत से कहा कि वह मेकैनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई कर चुका है और हमेशा योग्यता के आधार पर उत्तीर्ण हुआ है। 'वे कहते हैं कि मैंने कई महिलाओं के साथ बलात्कार किया है, लेकिन कोई भी महिला स्वेच्छा से शिकायत करने नहीं आई है, वे चुनाव (पिछले साल लोकसभा चुनाव) से छह दिन पहले आई थीं... अभियोजन पक्ष उन्हें जानबूझकर लेकर आया और शिकायत दर्ज करवाई।'' प्रज्वल ने कहा कि महिला (पीड़िता) ने कथित बलात्कार के बारे में अपने पति या रिश्तेदारों समेत किसी से भी शिकायत नहीं की थी। प्रज्वल ने कहा कि जब कुछ वीडियो प्रसारित हुए, तो उसने आकर शिकायत दर्ज कराई।

### साधारण सी साड़ी ने खोले राज, पूर्व सांसद को सजा

कर्नाटक की राजनीति को झकझोर देने वाले सेक्स स्कैंडल में अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुना दिया। इस सेक्स स्कैंडल में एक साधारण सी साड़ी सबसे बड़ा सबूत बनकर सामने आई। पीड़िता ने अदालत को बताया कि प्रज्वल ने उसके साथ जब जबरन रेप किया, तो उसने साड़ी पहनी हुई थी। वारदात के बाद उसने उस साड़ी को संभाल कर रख लिया। फोरेंसिक जांच में साड़ी पर स्पर्म के निशान पाए गए। इतना ही नहीं पीड़िता ने वारदात का वीडियो भी रिकॉर्ड किया था, जिसमें साफ तौर पर प्रज्वल का चेहरा दिख रहा था।

### बेंगलुरु में पीड़ित की मां से दुष्कर्म

पीड़िता ने खुलासा किया था कि उसकी मां के साथ बेंगलुरु के बसवनगुड़ी स्थित आवास पर रेप किया गया। इस वारदात का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। केवल प्रज्वल ही नहीं, पीड़िता ने उसके पिता और जेडीएस के वरिष्ठ नेता एचडी रेवन्ना पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। उसने कहा था कि बाप-बेटे आदतन अपराधी हैं। दोनों ने पीड़िता की मां के साथ घर में काम करने वाली अन्य महिला कर्मचारियों का भी यौन शोषण किया था। इस खुलासे के बाद तीन नौकरानियां भी सामने आई थीं।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त

# प्रदेश के किसानों के खातों में आए 353 करोड़ रुपये



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

पीएम नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश के 9 करोड़ 70 लाख किसानों के खातों में 20,500 करोड़ रुपये पहुंचे। हरियाणा के 16 लाख 77 हजार किसानों के खातों में 353 करोड़ रुपये की राशि डाली गई है। इस उपलक्ष्य में जिला पंचकूला में पीएम किसान उत्सव दिवस राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अन्य जिलों में भी पीएम किसान उत्सव दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जहां कैबिनेट व राज्य मंत्रियों ने शिरकत की। कार्यक्रमों के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को दिए गए संबोधन को लाइव सुना गया।

- 16 लाख 77 हजार किसानों के खातों में पहुंचे रुपये
- सीएम बोले, यह केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि किसानों के भरोसे का प्रमाण

### किसानों को मिल रही नई ऊर्जा

सीएम सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जारी 20वीं किस्त का वितरण केवल एक वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि देश के किसानों को दिए गए भरोसे का प्रमाण है। यह उस संकल्प की पुनः पुष्टि है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्नदाता के कल्याण के लिए लिया है। मुख्यमंत्री ने 20वीं किस्त जारी करने के लिए प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना, भारत के करोड़ों किसानों के जीवन में एक नई ऊर्जा, एक नया आत्मविश्वास लेकर आई है। छोटे व मध्यम वर्ग के किसानों को 2- 2 हजार रुपये की तीन किस्तों के रूप में सीधी सहायता दी जाती है।

# सुना है भारत रूस से तेल नहीं लेगा, यह अच्छा कदम : ट्रंप

भाषा ⏭ न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उन्होंने सुना है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा जो एक 'अच्छा कदम' है। देखते हैं क्या होता है। ट्रंप ने साथ ही कहा कि उन्हें इस बारे में हालांकि कोई ठोस जानकारी नहीं है। ट्रंप की यह टिप्पणी व्हाइट हाउस की ओर से लगभग 70 देशों के निर्यात पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्क की घोषणा के एक दिन बाद आई है।



अमेरिकी राष्ट्रपति की अहम टिप्पणी

### हम ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रख करते हैं फैसला : भारत



भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों से लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।' भारत-रूस ऊर्जा संबंधों पर कहा, हम अपनी तेल और गैस जैसी ऊर्जा जरूरतों को लेकर स्पष्ट हैं। दुनिया में जो हालात है और जो चीजें मिल रही हैं। भारत इन सबको ध्यान में रखकर ही फैसले लेता है।

*अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले बंद*

## भारी बारिश से बालटाल और पहलगाम दोनों रास्ते खराब

**श्रीनगर(एजेंसी)।** अमरनाथ यात्रा को रविवार से रोक दिया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी। इस साल 4.10 लाख श्रद्धालु अमरनाथ गुफा में दर्शन कर चुके हैं।

इस साल 4.1 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए

# जमानत मिलने के बाद केरल की दो नन छत्तीसगढ़ की दुर्ग जेल से रिहा

**दुर्ग (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की एक विशेष अदालत से जमानत मिलने के बाद शनिवार को केरल की दो ननों को दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। जेल के बाहर से प्राप्त तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सांसदों, भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर समेत केरल के कई नेताओं ने कैथोलिक नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस का स्वागत किया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए)-अदालत) सिराजुद्दीन कुरैशी की विशेष अदालत ने मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार दोनों ननों और एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को इस शर्त पर जमानत दे दी कि वे अपने पासपोर्ट जमा कर दें तथा देश छोड़कर न जाएं। बचाव पक्ष के वकील अमृतो दास ने बताया कि अन्य शर्तों में 50 हजार रुपये का मुचलका जमा करना, देश नहीं छोड़ना और अपना पासपोर्ट जमा करना शामिल है।

जबरन धर्मांतरण और मानव तस्करी के मामले में जमानत



*नीम करौली बाबा के दर्शन के लिए निकला था परिवार, 5 घायल*

# सोनीपतः पिकअप से भिड़ी कार दादा-पोती और नाती की मौत

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** कुंडली-गाजियाबाद-पलवल पेरिफेरल-वे पर शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 3 सदस्यों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब कार सवार परिवार नैनीताल स्थित नीम करौली बाबा के कैंची धाम में दर्शन के लिए जा रहा था। कार की टक्कर सड़क पर खड़ी एक पिकअप गाड़ी से हो गई, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राई थाना पुलिस ने लापरवाही से वाहन खड़ा करने के आरोप में पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव सिसाना निवासी नरेश कुमार ने बताया कि वह अपने पिता धर्मबीर कौशिक (61), मां प्रेमा, बेटी अविका (5), दूसरी बेटी नाविका, बहन पूजा, गांव दीपालपुर निवासी बहन मीनाक्षी और भांजे भार्गव (4) के साथ कार से कैंची धाम के लिए निकले थे। जैसे ही वे जाखौली टोल प्लाजा के पास पहुंचे, उनकी कार सड़क पर खड़ी पिकअप गाड़ी से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।




केजीपी पर जाखौली टोल प्लाजा के पास भीषण हादसा

### इनकी जान गई

हादसे में धर्मबीर कौशिक की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चार वर्षीय भार्गव को गंभीर हालत में दिल्ली के नरेला स्थित राजा हरिश्चंद्र अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। उधर, अविका की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई।

### ये लोग घायल

दुर्घटना में नरेश की मां प्रेमा, बहनें मीनाक्षी व पूजा और बेटी नाविका भी गंभीर रूप से घायल हुई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सिसाना और दीपालपुर गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, वहीं सड़क पर खड़ी पिकअप के चालक के विरुद्ध लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया गया है।

**स्वदेशी पर जोर** पीएम बोले, हमारे लिए किसान, लघु उद्योग व नौजवानों के हित सबसे ऊपर

*हमें 'वोकल फॉर लोकल' मंत्र को अपनाना होगा, स्वदेशी पर जोर देना होगा*

# अब हम उन वस्तुओं को ही खरीदेंगे, जिसे बनाने में भारतीय का पसीना बहा : मोदी

**वाराणसी(भाषा)।** विश्व की अस्थिर अर्थव्यवस्था के प्रति चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग, हमारे नौजवानों के रोजगार, इनका हित हमारे लिए सबसे ऊपर है। 'इसलिए अब हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है।' प्रधानमंत्री ने करीब 53 मिनट के अपने भाषण के अंतिम छह मिनट में भारत की अर्थव्यवस्था और स्वदेशी का उल्लेख किया। मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आज जब हम आर्थिक प्रगति की बात कर रहे है, तो मैं आपका ध्यान वैश्विक हालात पर ले जाना चाहता हूं। आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही हैं। अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर ध्यान दे रहे है।'



- दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कई आशंकाओं से गुजर रही, अस्थिरता का माहौल
- दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर ध्यान दे रहे, हमें भी सजग रहना होगा

### हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे

मोदी ने कहा, 'भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना है। हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग, हमारे नौजवानों के रोजगार, इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है। लेकिन देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व हैं। यह बात सिर्फ मोदी नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को दिन में हर पल बोलते रहना चाहिए।'

**स्वदेशी के संकल्प का भाव जगाएं:** मोदी ने कहा कि 'कोई भी राजनीतिक दल हो, कोई भी राजनेता हो, उसे अपने संकोच को छोड़कर के देशहित में देशवासियों के अंदर स्वदेशी के संकल्प का भाव जगाना होगा।' हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। वह वस्तु भारत के लोगों ने बनाई है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है। भारत के लोगों के पसीने से बनी है। हमें 'वोकल फार लोकल' मंत्र को अपनाना होगा।' 'हमारे घर में जो भी नया सामान आएगा, वह स्वदेशी ही होगा। यह जिम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी।'

## खबर संक्षेप

### शिक्षिका के अपहरण का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया में स्कूल वैन से महिला अध्यापक के अपहरण के मामले में सीआईए रतिया और एवीटी स्टाफ फतेहाबाद की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। काबू आरोपी की पहचान संदीप उर्फ दीपू पुत्र दिवान सिंह निवासी गांव मानावाली, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। संदीप के कब्जे से अपहरण में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

### सिरसा में हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा की टीम ने गश्त के दौरान सिरसा बस अड्डा क्षेत्र से एक युवक को 10.52 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। उप निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई गुरलाल सिंह के नेतृत्व में गश्त व चैकिंग के दौरान बस स्टैंड सिरसा मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक मुडक़र भागने लगा। जिसे शक के आधार पर काबू करके उसकी नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 10.52 ग्राम हैरोइन बरामद हुई।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट

ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# हिसार एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, एक एक लाख के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

## कानपुर में कंटेनर से 3 करोड़ का 23 टन निक्कल चुराने सहित कई मामले दर्ज

- इनकी पहचान रोहतक के गांव भैणी महाराज निवासी मंजीत व हिसार के बास बादशाहपुर निवासी सोनू के रूप में हुई
- बदमाशों से कैथल में बुलेट पर 19 किलो 600 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया था
- दोनों आरोपी 17 मार्च 2025 से फरार चल रहे थे और कानपुर पुलिस को उनकी तलाश थी



हिसार। एसटीएफ द्वारा पकड़े गए दोनों आरोपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार एसटीएफ टीम ने बड़ी कार्रवाई करते एक-एक लाख के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार किए हैं। इनकी पहचान रोहतक के गांव भैणी महाराज निवासी मंजीत व हिसार के बास बादशाहपुर निवासी सोनू के रूप में हुई है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। एसटीएम प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने शनिवार को बताया कि टीम को उप निरीक्षक अनूप कुमार के जरिए सूचना मिली थी कि कानपुर लॉजिस्टिक पार्क प्राइवेट लिमिटेड के 3.92 करोड़ रुपये की निक्कल प्लेट (23.835 टन) से भरा कंटेनर गायब करने के मामले में वांछित आरोपी कहीं फरार होने की फिराक में खड़े हैं। सूचना के बाद एसटीएफ टीम ने तुरंत कार्रवाई कर दोनों को काबू किया। इनकी गिरफ्तारी पर कानपुर पुलिस ने एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। दोनों आरोपी इस वर्ष 17 मार्च से फरार चल रहे थे और कानपुर पुलिस को उनकी तलाश थी। पूछताछ के बाद सामने हुए खुलासे के अनुसार नीलेश तिवारी कानपुर लाजिस्टिक पार्क प्राइवेट लिमिटेड में असिस्टेंट मैनेजर ने थाना पनकी कानपुर में एक शिकायत दी थी कि उसके अधीन गाड़ियां संचालित होती है।

### कंपनी के कर्मी साहू ने खाली ट्रक देखा

इस वर्ष 17 मार्च को कंपनी के कर्मचारी महेंद्र साहू ने फोन से बताया कि ट्रक नंबर यूपी-78 सीएन 8174 में अलाट ड्राइवर अजय यादव के नाम है। कंटेनर संख्या सीएआईयू 3087351 लदा था जो कंपनी से लगभग 300 मीटर की दूरी पर एससी गोदाम के पास खाली अवस्था में खड़ा है। सूचना पाकर तुरंत मौके पर पहुंचा तो उसने महेन्द्र साहू द्वारा बताई गई सूचना सही पाई। उसने अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए ट्रक व कंटेनर के बारे में कंपनी में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा गया कि 16 मार्च लगभग 3 बजे सुबह दो अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रक पर कंटेनर सीएआईयू 3087351 जिसमें निक्कल प्लेट 23.835 टन माल भरा था जो 12 मार्च को ट्रेन द्वारा पार्टी जनसन मेथी का माल कन्टेनर सं. सीएआईयू 3087351 में सील पैक कंपनी में आया था। इसका कस्टम क्लीयरेंस 13 मार्च को हुआ था।

### घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी

मैनेजर ने बताया कि कंटेनर का सिपिंग लाइन एचएलआई है जिसकी कीमत कस्टमर इनवाइस के अनुसार 3 करोड़ 92 लाख रुपये है। ट्रक संख्या यूपी-78 सीएन-8174 में लाद कर रिपेयरिंग गेट से निकल जाने की सीसीटीवी फुटेज दिखाई दी। इस पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। कानपुर पुलिस के प्रयासों के बावजूद भी आरोपी पकड़ में नहीं आ सके तो पुलिस ने आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। स्पेशल टास्क फोर्स हिसार की टीम ने इस मामले में फरार चल रहे दोनों आरोपियों को काबू करके कानपुर पुलिस को सौंप दिया है। यूपी पुलिस इस मामले में बाकी आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है इसमें कंपनी का जीएम भी है।

### कंपनी का जीएम हो चुका गिरफ्तार

कानपुर पनकी स्थित लॉजिस्टिक पार्क में करोड़ों रुपये कि निकिल चोरी की घटना में इससे चार महीने पहले घटना के बाद कम्पनी के जनरल मैनेजर मनीष सहाय को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद गिरोह के बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी हुई थी। जनरल मैनेजर और गिरोह के सरगना के बीच संपर्क की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने जीएम को काबू किया था। पुलिस को इस बात के भी सुराग मिले थे कि निकिल चोरी में भी जनरल मैनेजर की भूमिका थी। वो चोर गैंग के सम्पर्क में था।

फेसबुक पर नफरत भरी पोस्ट करने का आरोप

# विधायक के भाई की शिकायत पर पार्षद समेत 6 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान के परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर अभद्र भाषा और सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने वाले पोस्ट डालने के मामले में नगीना थाना पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। यह मामला विधायक मामन खान के भाई मुस्ताक की शिकायत पर दर्ज किया गया है, जिसमें एक नवनिर्वाचित जिला पार्षद सहित कुल छह लोगों को नामजद किया गया है। शिकायत के अनुसार, आरोपी ताहिर हुसैन पुत्र रहमुद्दीन, मौसम पुत्र ताहिर, जकरिया पुत्र सईद, अबरार एवं अनवर अब्बास पुत्रगण जहीर ने मिलकर एक फेसबुक आईडी असलम सरपंच देडवाल के माध्यम से लगातार अभद्र टिप्पणियां और साम्प्रदायिक नफरत फैलाने वाली पोस्टें सांझा की। इन पोस्टों में न विधायक मामन की छवि खराब करने की कोशिश की गई, बल्कि उनके परिवार को भी निशाना बनाया गया। इस संदर्भ में नूंह पुलिस अधीक्षक को बीते साल ही शिकायत दी गई थी। शिकायत में बताया गया कि यह घटनाएं 17 सितंबर 2024 से 28 जून 2025 के बीच की हैं।

## व्यक्ति ने फोन कर व्यापारी से मांगे सात लाख रुपये, नहीं देने पर दी जान से मारने की धमकी

**यमुनानगर।** व्यापारी को फोन करके एक व्यक्ति ने कथित तौर पर सात लाख रुपये वापस लौटाने की मांग की है। पैसे नहीं लौटाने पर जान से मारने की धमकी दी है। जबकि पीड़ित ने आरोपी द्वारा मांगे गए पैसे कभी उन्होंने उससे लिए ही नहीं बताए गए हैं। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के रेस्ट हाउस रोड निवासी व्यापारी गगन बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास गत 28 जुलाई को मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी अनमोल मित्तल बताया। आरोपी ने उसे कहा कि उसका सात लाख रुपये का लेन देन हैं। यह रुपये जल्द वापस कर दो। इस पर व्यापारी ने अपने परिवार के लोगों से इस बारे में बात की तो पता लगा कि अनमोल गुप्ता के साथउनका किसी का कोई लेन देन नहीं है। इसके बाद फिर उसके पास आरोपी व्यक्ति का कॉल आया। उसने आरोपी को पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी ने फिर से उसने मोबाइल पर वाइस मैसेज भेजकर रुपये मांगे। पैसे न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# दसवीं के छात्र ने कमरे में फंदा लगाकर दी जान

### आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शनिवार को जिले के गांव में 10वीं कक्षा के छात्र ने घर की छत पर बने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



मृतक छात्र नटवर

पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही हैं। छात्र नटवर गांव नाहड़ के सरकारी स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था।

स्कूल से लौटने के बाद नटवर ने घर आकर चाय पी तथा सीधा घर की छत पर बने कमरे में चला गया। वहां से करीब एक घंटे तक नहीं लौटा तो उसकी बहन उसे बुलाने के लिए छत पर गई। छत पर बने कमरे की कुंडी अंदर से लगी हुई थी। नटवर की बहन ने उसे आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने नीचे आकर अपने पिता को बताया।

नटवर के पिता छत पर गए और खिड़की का शीशा तोड़कर अंदर घुसे तो पाया कि वह फंदे से झूल रहा है। पिता ने तुरंत उसे फंदे से उतारा और कोसली अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टों उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना में पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। नाहड़ चौकी इंचार्ज पीएसआई मनीष ने बताया कि छात्र के फंदा लगाने के कारणों की जांच की जा रही है।

## पश्चिमी यमुना नहर में पूजा अर्चना करने गई महिला पैर फिसलने से पानी में बही

**यमुनानगर।** पश्चिमी यमुना नहर में बुड़िया पुल के पास पूजा अर्चना करने गई महिला पैर स्लिप होकर पानी में बह गई। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से महिला की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। खबर लिखे जाने तक पुलिस महिला की तलाश में जुटी है।

- पुलिस गोताखोरों की सहायता से महिला की तलाश में जुटी

झूठी थी। जानकारी के अनुसार जगाधरी निवासी 52 वर्षीय रेखा रानी शनिवार दोपहर 12 बजे बूडिया नहर पुल पर पश्चिमी यमुना नहर में पूजा अर्चना करने के लिए गई थी। इस दौरान पूजा अर्चना करते समय उसका पैर स्लिप हो गया। जिससे वह पश्चिमी यमुना नहर में जा गिरी और पानी के तेज बहाव में बह गई। आसपास के लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह उसे बचाने में असफल रहे। इसके बाद हादसे की सूचना पुलिस को दी। बूडिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की सहायता से महिला की तलाश की लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल सका।

# कार हादसे पर मां ने बेटे को किया आखिरी कॉल कहा-बचने का चांस नहीं, बहन का ख्याल रखना

### अंतिम कॉल नहीं आती तो बच्चों को पता भी नहीं चलता कि उनके माता-पिता कहां है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

31 जुलाई की रात करनाल में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे शहर को झकझोर दिया। शहर के फर्नीचर कारोबारी अमित मिगलानी और उनकी पत्नी मीनू मिगलानी की कार पश्चिमी यमुना नहर में गिर गई। इस हादसे में पत्नी मीनू मिगलानी का शव कार से बरामद हो गया, जबकि अमित मिगलानी का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है।

### अंतिम कॉल से सच्चाई आई सामने

हादसे से कुछ ही मिनट पहले मीनू मिगलानी ने अपने बेटे आशिष को आखिरी कॉल की थी। कॉल पर मीनू ने भावुक होकर कहा- बेटा, हमें किसी ने हिट किया है और हमारी कार पश्चिमी यमुना नहर में गिर गई है। हम डूब रहे हैं। अब बचने का कोई चांस नहीं है।



अपनी बहन का ख्याल रखना। इतना कहने के बाद ही कॉल डिस्कनेक्ट हो गया। बेटे ने कई बार वापस कॉल करने की कोशिश की, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई और कुछ देर बाद फोन स्विच ऑफ हो गया। मीनू का मोबाइल पहले से खराब था, यह कॉल उन्होंने अपने पति अमित के फोन से की थी। जब रेस्क्यू टीम ने कार को बाहर निकाला, तो उसमें दोनों मोबाइल फोन बरामद हुए, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

### बेटे की सतर्कता से हुई समय पर सूचना

बेटे ने मीनू की आखिरी कॉल के तुरंत बाद डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचित किया। इसी सूचना के आधार पर पुलिस और रेस्क्यू टीमें समय रहते मौके पर पहुंच पाईं। यदि यह कॉल न आई होती, तो शायद देर तक बच्चों को यह भी नहीं पता चलता कि उनके माता-पिता कहां हैं।

### की जा रही जांच

कार किस वजह से नहर में गिरी, इसकी जांच की जा रही है। मीनू मिगलानी की कॉल से स्पष्ट है कि घटना से पहले कोई टक्कर हुई थी, लेकिन एफएसएल की जांच में फिलहाल टक्कर के निशान नहीं मिले हैं। अमित की तलाश के लिए गोताखोरों की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है।

-इंस्पेक्टर महावीर सिंह, एसएचओ करनाल

## ट्रैडिंग के नाम पर लाखों की ठगी में खाता उपलब्ध करवाने का आरोपी दबोचा

**व्हाट्सएप कॉल से फंसाया**

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 49,48,140 रुपये की ठगी में खाताधारक व खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी को साइबर थाना सेन्ट्रल ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सैंट्रल में आई पी कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 10 दिसम्बर 2024 को उसके पास एक व्हाट्सएप कॉल आया उसने उसके पास शेयर मार्किट में ट्रेडिंग करने के लिये एक इन्वीटेशन कोड भेजा।

NOTICE
I, Raghvinder S/o Sanjeev R/o Anwal, Tehsil Kalanaur, Distt. Rohtak, Haryana-124411 declar that I have changed my name and shall hereafter be known as Raghvinder Pahwa for all purposes. Raghvinder and Raghvinder Pahwa are one and the same person i.e. Raghvinder is as per my educational documents and Raghvinder Pahwa is as per i.d proof adhar card and Pan card.

बूचड़खानों के मांस अवशेष बन रहे परेशानी का कारण

# जालालपुर पंचायत में आवारा कुत्तों का आतंक, पांच लोगों को काटा



**नूंह।** जिले की जालालपुर-फिरोजपुर पंचायत में शनिवार को आवारा कुत्तों का कहर देखने को मिला, जब एक ही दिन में इन हिंसक हो चुके कुत्तों ने 5 ग्रामीणों और कई पालतू बकरियों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलों में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों में मासूम बच्चियां और अधेड़ उम्र के नागरिक शामिल हैं, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। ग्राम पंचायत जलालपुर के सरपंच अजीज ने बताया कि घायलों में जस्मीन पुत्री अजीज़ (5 वर्ष) चेहरे पर गहरे जख्म,अमायरा पुत्री दिलशाद (1.5 वर्ष) पीठ पर कुत्तों का हमला,अलीज़ा पुत्र सलाउद्दीन (6 वर्ष) सुबह 10:30 बजे घर के बाहर हमला, रविंदर (38 वर्ष) खेत जाते समय घेर लिया गया,जन्नती (36 वर्ष) घरेलू कार्य करते समय अचानक हमला किया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में चल रहे अवैध या अनियमित बूचड़खानों से निकलने वाले मांस और खून के कचरे के कारण आवारा कुत्तों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। ये जानवर अब बेहद आक्रामक हो चुके हैं और आम लोगों की जान के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। पंचायतवासियों का आरोप है कि उन्होंने पहले भी कई बार प्रशासन को अवगत कराया था कि बूचड़खानों के कचरे के कारण क्षेत्र में कुत्तों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने मांग की है कि या तो इन बूचड़खानों को तत्काल बंद किया जाए, या फिर इनके संचालन को सख्त नियमों के तहत नियंत्रित किया जाए।



उचाना। क्रेन से कैंटर उठाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर पलटा गैस का टैंकर, बड़ाबड़ा हादसा टला

**उचाना।** दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एचपी एलपीजी गैस से भरा टैंकर पलट गया। टैंकर में कहीं गैस का रिसाव न हो जाएए इसलिए सावधानी के तौर पर हाईवे के दोनों तरफ ट्रैफिक को रुकवाया गया। इसके बाद क्रेन की मदद से टैंकर को उठवाया गया है। गनीमत रही कि गैस रिसाव नहीं हुआ। शनिवार दोपहर को डेढ़ बजे के करीब एचपी एलपीजी गैस से भरा टैंकर जींद से नरवाना की तरफ जा रहा था। खटकड़ गांव से निकलते ही होटल के नजदीक टैंकर बेकाबू होकर रोड से नीचे उतर गया और गड्ढों में जाकर पलट गया। टैंकर पलटते ही आसपास से गुजर रहे वाहन चालक रूके और तुरंत डायल 112 को कॉल की। पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन को बुलवाया गयाए ताकि टैंकर को सीधा किया जा सके। हाईवे के दोनों तरफ 500-500 मीटर दूर तक ट्रैफिक को रोक दिया गया। क्योंकि अगर गैस का रिसाव हो जाता और विस्फोट हो जाता तो नुकसान होने की आशंका रहती। इसके बाद तीन से चार क्रेन की मदद से टैंकर को सीधा किया गया। उसके बाद चेक किया गया कि कहीं गैस का रिसाव तो नहीं है। गैस का रिसाव नहीं होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5947



**बाएँ से दाए**
1.उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4.कराह,टीस,लालसा-3
6.हानि,आपत्ति-2
7.दुश्मनी,बैर-3
8.इंसाफ-2
10.साठवीं जयंती-3
11.जलाऊ लकड़ी-4
14.छोटा भाई-3
16.निरंकुश,आवारा-4
17.ठाठ-बाट-2
18.आफत,मुसीबत-2
19.शैतानी,बदमाशी-4
21.सहायता-3
22.इच्छा,लालसा-4
24.कवि,गजलकार-3
25.जरा,थोड़ा-2
27.मुलायम,नाजुक-3
28.गुफा,खोह-2
29.प्रियतम,सनम-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2.उत्साह.शक्ति-2
3.बिनाबाल वारा,गंजा-4
4.पंक्ति,लाइन-3
5.लड़की, पुत्री,बेटी -2
7.वहम,संदेह-2
9.जुड़वा-3
12.प्रतिज्ञा,कसम -3
13.गंगा का पानी -4
15.तीखा,तीक्ष्ण-3
16.आतुर,धैर्यहीन -4
17.संभवतः-3
18.मर्कट,कपि-3
20.गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21.पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22.मनोकामना -4
23.साजन,प्रेमी-3
24.संध्या,सांझ-2
26.आनंद-2
28.महीना,मास-2

**शब्द पहेली- 5946 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प | रा | या | प | न | | म | च | ल | ना |
| सां | ग | | च | | का | ली | न | | त | ट |
| व | | त | क | रा | र | | का | ल | | की |
| ला | चा | र | | | दे | श | | त | न | य |
| प | | ती | | पा | ना | | गा | | क | |
| न | क | ब | ज | न | | चा | ल | च | ल | न |
| | हा | | मा | | च | र | | ह | | म |
| म | र | ना | | द | म | | | क | स | क |
| र | | श | क | | क | रा | ह | ना | | या |
| दू | ब | | ल | बा | दा | | रा | | या | त्रा |
| द | या | क | र | | र | च | ना | का | र | |

मंगल सैनचा, बैंतोल



## खबर संक्षेप

### जिम में वर्कआउट के दौरान अचानक मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पिंपरी चिंचवड कस्बे में



एक 37 साल के शख्स की जिम में वर्कआउट के दौरान अचानक मौत हो गई। वह पानी पीने के लिए बैठ रहा था, तभी बेसुध होकर गिर गया। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो गई। इसका सीसीटीवी फुटेज अब तेजी से वायरल हो रहा है।

### 51 साल के फेमस एक्टर कलाभवन की मौत

**चेन्नई।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में इस समय मातम पसरा हुआ है। फिल्म इंडस्ट्री के फेमस मिमिक्री



आर्टिस्ट और एक्टर कलाभवन नवस की मौत हो गई है। इस खबर के सामने आने के बाद से इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।बताया जा रहा है कि 51 साल के नवस को केरल के चोट्टानिकारा स्थित एक होटल में अचेत अवस्था में पाया गया था।

### पंजाब : भाजपा ज्वॉइन करते ही नेता के घर छापा

**चंडीगढ़।** पंजाब में रणजीत सिंह गिल के बीजेपी में शामिल होने के कुछ ही घंटे बाद विजिलेंस ब्यूरो ने



शनिवार सुबह चंडीगढ़ में उनके घर और खरड़ से उनके कॉर्पोरेट दफ्तर पर छापा मार दिया। रणजीत सिंह गिल शिरोमणि अकाली दल में थे और उन्होंने शुक्रवार रात को ही पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। भाजपा गिल के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के द्वारा की गई इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है और कहा है कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है।पंजाब में बीजेपी के अलावा कांग्रेस भी भगवंत मान सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाती है। गिल को शुक्रवार रात को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ स्थित अपने आधिकारिक आवास पर बीजेपी में शामिल कराया था।

# पीएम मोदी ने वाराणसी में 2,183.45 करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

**वाराणसी (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा कर लगभग 2,183.45 करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सेवापुरी ब्लॉक के बनौली गांव में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर, तिपहिया साइकिल और सहायक उपकरण वितरित किए। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के अलावा कई अन्य मंत्री व जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि यह प्रधानमंत्री का वाराणसी का 51वां दौरा है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता महादेव के चरणों में समर्पित

मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने का उनका वादा भगवान शिव के आशीर्वाद से पूरा हुआ। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ कार्रवाई



का वर्णन करने के लिए भगवान शिव के प्रचंड 'रुद्र' रूप का उल्लेख करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया को देश की ताकत दिखाई है और एक स्पष्ट संदेश दिया है - जो कोई भी भारत पर हमला करने की हिम्मत करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा, यहां तक कि 'पाताल लोक' में भी नहीं। मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 26 लोगों के लिए मेरा दिल दुख से भर गया है। उन्होंने कहा, महादेव के आशीर्वाद से हमारी बेटियों के 'सिंदूर' का बदला लेने का मेरा वादा पूरा हुआ। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को महादेव के चरणों में समर्पित करता हूं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि 140 करोड़ देशवासियों की एकता ही ऑपरेशन सिंदूर की ताकत बनी।

### निजी विद्यालयों में फीस वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए विधेयक पेश करेगी दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि सरकार निजी विद्यालयों में फीस वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में एक विधेयक पेश करेगी। 29 अप्रैल को जारी कैबिनेट

- **फीस बढ़ाने वाले विद्यालयों पर कठोर दंड लगाने का प्रावधान**

अनुमोदित अध्यादेश के अनुसार विधेयक में मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने वाले विद्यालयों पर कठोर दंड लगाने का प्रावधान है। पहली बार उल्लंघन पर विद्यालयों पर एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये और उसके बाद के उल्लंघन पर दो लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अनुसार यदि स्कूल निर्धारित समय सीमा के अंदर पैसे वापस नहीं करता है, तो 20 दिन बाद जुर्माना दोगुना, 40 दिन बाद तिगुना और हर 20 दिन की देरी के साथ बढ़ता रहेगा। अध्यादेश के अनुसार बार-बार उल्लंघन पर स्कूल प्रबंधन में आधिकारिक पद धारण करने पर प्रतिबंध लग सकता है और भविष्य में शुल्क संशोधन का प्रस्ताव देने का अधिकार भी छिन सकता है।

### राहुल ने अरूण जेटली पर धमकाने की बात कही, भाजपा ने किया पलटवार

**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपनी टिप्पणी को लेकर एकबार फिर घिरते नजर आये हैं। दिल्ली में वार्षिक लीगल कॉन्क्लेव-2025 को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि 'मुझे याद है जब मैं कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, तो अरुण जेटली जी को मुझे धमकाने के लिए भेजा गया था।' उन्होंने मुझसे कहा था, 'अगर आप सरकार का विरोध करते रहे और कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ते रहे, तो हमें आपके खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी।' मैंने उनकी तरफ देखा और कहा,मुझे नहीं लगता कि आपको पता है कि आप किससे बात कर रहे हो। राहुल की इस टिप्पणी पर भाजपा ने निशाना साधा साथ ही जेटली के बेटे रोहन जेटली भी कांग्रेस नेता पर तंज कसा। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी हर दिन एक नया झूठ और एक नया प्रोपेगेंडा लेकर आते हैं। मैं राहुल गांधी को याद दिलाना चाहता हूं कि अरुण जेटली का निधन 24 अगस्त 2019 को हुआ था और कृषि कानून क्रमशः 17 सितंबर 2020 और 20 सितंबर 2020 को लोकसभा और राज्यसभा में पारित किए गए थे। जब बिल आया, तब तक अरुण जेटली का निधन हो चुका था।

## पटना में कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष को लिया आड़े हाथ

राजनाथ ने कांग्रेस नेता को दी चुनौती

# राहुल के पास अगर सबूतों का एटम बम है तो देर न करें, वे उसे तुरंत ही फोड़ दें

### राजग और 'इंडिया' गठबंधन को बताया चौराहे के अलग-अलग रास्ते

एजेंसी ▶▶ पटना/नई दिल्ली

इन दिनों विपक्षी दल लगातार चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी वोटों की चोरी का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग बिहार में 'वोट चोरी' में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है, जो 'एटम बम' की तरह है, जिसके फटने पर आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी। उनके इसी बयान का जवाब शनिवार को पटना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिया। उन्होंने कहा कि अगर राहुल के पास सबूतों का एटम बम है तो उन्हें तुरंत इसे फोड़ देना चाहिए। पटना में एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। राजनाथ ने चुनाव आयोग पर निशाना साधने के लिए राहुल की आलोचना की। राजनाथ ने आगामी विधानसभा चुनावों की तुलना एक चौराहे से की, जिसमें एक रास्ता (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत) आगे की प्रगति की ओर ले जाता है और दूसरा ('इंडिया' गठबंधन के तहत) बिहार को अराजकता और जाति संघर्ष के पुराने दौर में वापस ले जाता है।



### संसद में भूकंप की बात बेकार साबित हो गई

राजनाथ ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल उन्हें बस यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे खुद खतरे से दूर रहें। सिंह ने कहा कि देश को राहुल के पिछले बयानों की याद है। रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने राहुल संसद में भूकंप आने की धमकी दी थी, लेकिन जब उन्होंने अपनी बात रखी, तो वह एक बेकार बात साबित हुई।

**नीतीश की तारीफ की**

राजनाथ ने बिहार में 20 साल के शासन के दौरान राज्य को पटरी पर लाने में मदद करने के लिए गठबंधन सहयोगी नीतीश कुमार की भी प्रशंसा की। सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार अब बदहाल नहीं रहा। 'द इकोनॉमिस्ट' जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित पत्रिका, जिसने कभी इस राज्य को भारत का पिछलग्गू बताया था, अब इसके बदलाव का जिक्र कर रही है।

### चुनाव आयोग निर्विवाद ईमानदार कांग्रेस के हाथ खून से रंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग एक ऐसी संस्था है, जो निर्विवाद ईमानदारी के लिए सम्मानित है। राजनाथ ने कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता को किसी संवैधानिक संस्था के बारे में निम्न स्तर की बयानबाजी करना शोभा नहीं देता। सिंह ने कांग्रेस नेता को याद दिलाया कि उनकी अपनी पार्टी के हाथ खून से रंगे हैं, जिन्होंने 1975 में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की थी।

### तेजस्वी बोले, सूची में मेरा नाम नहीं — चुनाव आयोग ने कहा-वे मतदाता सूची देखें

राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि मेरा नाम मतदाता सूची में नहीं है। निर्वाचन आयोग ने तुरंत ही तेजस्वी के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। आयोग ने कहा कि उनका नाम मतदाता सूची प्रारूप में है। आयोग ने एक मतदान केंद्र की सूची जारी की, जिसमें तेजस्वी का नाम 416वें नंबर पर उनकी तस्वीर के साथ मौजूद है। राजद नेता का दावा झूठा और तथ्यात्मक रूप से गलत है। आयोग ने यह भी बताया कि 1 अगस्त तक सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाने के लिए शून्य दावे और आपत्तियां दायर की हैं।

### पारिश्रमिक किया दोगुना

निर्वाचन आयोग ने कर्मचारियों के लिए बड़ी सौगात का ऐलान किया। आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक भी बढ़ा दिया गया है। मतदाता सूची तंत्र में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी , सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी , बीएलओ पर्यवेक्षक और बूथ स्तरीय अधिकारी की भूमिका अहम होती है।

### राहुल गांधी का फिर दावा, लोकसभा चुनाव में 100 सीट पर हुई धांधली

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 100 सीट पर धांधली हुई है और अगर इनमें से 15 सीट पर भी धांधली नहीं हुई होती, तो नरेन्द्र मोदी आज देश के प्रधानमंत्री नहीं होते। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस के विधि, मानवाधिकार और



- **कांग्रेस नेता ने वार्षिक विधिक सम्मेलन में सरकार को चुनाव आयोग को घेरा**

आरटीआई विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक विधिक सम्मेलन में इस बात को फिर से दोहराया कि कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची में हेरफेर के जो सबूत मिले हैं, वो एटम बम की तरह हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में इसका सबूत दिया जाएगा कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हुई। निर्वाचन आयोग ने कर्नाटक में मतदाता सूची से जुड़े राहुल गांधी के दावे को शुक्रवार को निराधार बताया था। राहुल गांधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज (नरेन्द्र मोदी) प्रधानमंत्री पद पर बहुत ही साधारण बहुमत के साथ हैं।

#### यदि 15 सीट पर भी धांधली नहीं हुई होती तो वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते

हमारा मानना है कि (लोकसभा चुनाव में) 70, 80 या 100 सीट तक पर धांधली हुई है। यदि 15 सीट पर भी धांधली नहीं हुई होती, तो वह (मोदी) भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते। उन्होंने कहा, हम अगले कुछ दिन में यह साबित करने जा रहे हैं कि एक लोकसभा चुनाव में कैसे धांधली हो सकती है और कैसे की गई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, "2014 से ही मुझे चुनाव प्रणाली पर संदेह है। (भाजपा की) प्रचंड जीत हासिल करने की क्षमता आश्चर्यजनक है। महाराष्ट्र में जो हुआ, उसने मुझे इस मुद्दे को गंभीरता से लेने पर मजबूर कर दिया।" राहुल गांधी ने कहा, "मैं बिना सबूत के कुछ नहीं बोल सकता था, लेकिन अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूं कि हमारे पास सबूत हैं।" उन्होंने कहा कि इन सबूत के आधार पर देश को दिखा दिया जाएगा कि निर्वाचन आयोग की संस्था उस तरह काम नहीं करती, जैसा उसे करना चाहिए तथा यह समझौते का शिकार हो चुकी है।

### मध्य-प्रदेश, राजस्थान और पंजाब में जारी सेना का बाढ़ राहत अभियान

**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** मानसून के दौरान बाढ़ से जूझ रहे मध्य-प्रदेश, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों को भारतीय सेना अपने चौबीसों घंटे जारी राहत और बचाव अभियान के जरिए लगातार सहायता प्रदान करने में लगी हुई है। जिसमें अब तक तीनों

- **105 लोगों को सुरक्षित बचाया, जबकि 300 से ज्यादा को दी गई चिकित्सा सहायता।**

राज्यों में कुल 105 लोगों को बल ने सुरक्षित बचाया है। जबकि 300 से अधिक लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। सेना ने बताया कि स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर उसका यह राहत-बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है। मध्य-प्रदेश में सेना ने गुना और शिवपुरी जिलों में अपने कॉलम तैनात किए हैं। जिनकी मदद से शनिवार को हालात स्थिर बनाने की कवायद की गई। जबकि सेना के एक अन्य कॉलम ने प्रदेश के अशोकनगर-ग्वालियर में ईसागढ़ और सिहोरा के इलाकों में राहत व जरूरी सहायता भेजने के लिए जांच-पड़ताल की है। राजस्थान के बाढ़ प्रभावित धौलपुर में तेजी के साथ मदद पहुंचाने के लिए सेना का एक कॉलम स्टैंडबाय पर तैनात किया गया है। इसके अलावा सूबे के ही श्रीगंगानगर के उपायुक्त से मिले एक अनुरोध पर बल ने अपनी एक टीम को रवाना किया। बाढ़ जैसे हालातों के बीच इस टीम को पानी के जमाव को कम करने में तकनीकी सहयोग प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।


भारतीय थल सेना

JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER

www.joinindianarmy.nic.in

अधिकारी प्रविष्टियां

1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-
(क) 123वाँ अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2026 कानून में स्नातक पुरुष अभ्यर्थियों के लिए।
(ख) 123वाँ अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2026 कानून में स्नातक महिला अभ्यर्थियों के लिए।
(ग) 123वाँ अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (पुरूष) (युद्ध में हताहत सेना कार्मिकों के आश्रितों सहित) अप्रैल 2026 के लिए।
(घ) 2026 के लिए। 123वाँ अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (महिला) (युद्ध में हताहत सेना कार्मिकों के आश्रितों सहित) अप्रैल 2026 के लिए।
2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | जे.ए.जी. कोर्स | -पुरुष | -04 अगस्त से 03 सितम्बर 2025 |
| (ख) | जे.ए.जी. कोर्स | -महिला | -05 अगस्त से 04 सितम्बर 2025 |
| (ग) | एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स | -पुरुष | -11 अगस्त से 10 सितम्बर 2025 |
| (घ) | एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स | -महिला | -12 अगस्त से 11 सितम्बर 2025 |

OFFICER ENTRIES

1. Applications are invited for the following courses:-
(a) 123rd Short Service Commission JAG Entry Scheme Course (Men) Apr 2026 course for Law Graduates.
(b) 123rd Short Service Commision JAG Entry Scheme Course (Women) Apr 2026 course for Law Graduates
(c) 123rd Short Service Commision NCC Special Entry Scheme Course Apr 2026 for Men (including Wards of Battle Casualties of Army personnel)
(d) 123rd Short Service Commision NCC Special Entry Scheme Course Apr 2026 for Women (including Wards of Battle Casualties of Army personnel)
2. Online applications will open as under:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | JAG Course | -Men | -04 Aug to 03 Sep 2025 |
| (b) | JAG Course | -Women | -05 Aug to 04 Sep 2025 |
| (c) | NCC (Special) Course | -Men | -11 Aug to 10 Sep 2025 |
| (d) | NCC (Special) Course | -Women | -12 Aug to 11 Sep 2025 |

नोट:-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
Note:-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in

CBC- 10601/11/0045/2526






THE INDIAN NAVY

INVITES APPLICATION FOR SHORT SERVICE COMMISSION IN INFORMATION TECHNOLOGY (EXECUTIVE BRANCH) – JAN 26 COURSE

Applications are invited from unmarried eligible men & women candidates for grant of Short Service Commission (SSC) in Information Technology ( Executive Branch ) of Indian Navy under Special Naval Orientation Course for course commencing Jan 2026 onwards at Indian Naval Academy (INA) Ezhimala, Kerala. Candidates must fulfil conditions of nationality as laid down by the Government of India.

| QUALIFICATION | VACANCY | GENDER | AGE |
|---|---|---|---|
| A candidate must have minimum 60% marks in English in class X or XII and one of the undermentioned educational qualification with minimum 60% overall qualifying marks, in either or a combination of the following: - (a) MSc / BE / B Tech / M Tech (Computer Science / Computer Science & Engineering / Computer Engineering / Information Technology / Software Systems / Cyber Security / System Administration & Networking / Computer Systems & Networking / Data Analytics / Artificial Intelligence), OR (b) MCA with BCA / BSc (Computer Science / Information Technology). | 15 | Men & Women | Born Between 02 Jan 2001 to 01 Jul 2006 (both dates inclusive) |

For more details visit - www.joinindiannavy.gov.in and Employment News dated 02 Aug 2025

APPLY ONLINE FROM 02 Aug to 17 Aug 2025

Scan this QR Code to apply online

CBC 10701/13/0014/2526

Combat Ready, Credible, Cohesive & Future Ready Force

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 फीसदी टैरिफ थोपने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत कहना नई दिल्ली को नागवार गुजरा है। भारत ने वाशिंगटन को सीधा संदेश दिया है कि भारत की ट्रेडनीति अपनी जरूरतों के हिसाब से है। कोई दूसरा तय नहीं कर सकता कि भारत किससे क्या खरीदेगा। बैंक ऑफ़ अमेरिका और जेपी मॉर्गन जैसे वित्तीय संस्थान पहले से ही ट्रंप को चेतावनी दे चुके हैं, कि अगर अमेरिकन टैरिफ नीति लंबे वक्त तक जारी रही तो फिर अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ घट सकती है, खपत गिर सकती है, जिससे खुदरा बाजार और सेवा सेक्टर प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकन अर्थव्यवस्था पहले से ही चौपट पड़ी हुई है, क्योंकि अमेरिका के ऊपर तकरीबन 37 ट्रिलियन डॉलर का कर्जा सिर पर चढ़ गया है। अमेरिका को अगेन ग्रेट बनाने की दिग्भ्रमित सनक में कहीं डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था का रहा सहा भी बंटाधार ही ना कर दें। अमेरिका-भारत टकराव से उत्पन्न वातावरण में भारत अपनी ही करेंसी में चीन, रूस, ब्राज़ील, साउथ अफ्रीका और ईरान सरीखे मुल्कों के साथ अपना व्यापार बढ़ा सकता है। ट्रेड को लेकर भारत-अमेरिका के मध्य यदि तनाव जारी बना रहता है तो फिर एशिया और हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका एक भरोसेमंद साथी भारत को गंवा सकता है। आजकल में पेश है ट्रंप डेड बोल के असर का विश्लेषण...**

# ट्रंप के 'डेड' बोल भारत को नागवार





विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**सत्ता अहंकार के वशीभूत होकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़-बोलेपन की फितरत में भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे दिया। समस्त विश्व जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती हुई एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। भारत का स्थान दुनिया के देशों में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर स्थापित हो चुका है। विश्वबैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) द्वारा प्रेषित आंकड़ों के मुताबिक भारत की वार्षिक जीडीपी तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की है। ट्रंप की धमकियों से खौफज़दा होकर भारत क्या रूस के साथ अपने ऐतिहासिक रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को खत्म कर सकता है, यह असंभव है।**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरी दफा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर सत्तासीन होने के पश्चात अपनी राजनीतिक शक्ति के अहंकार में एकदम मदहोश हो गए हैं। सत्ता अहंकार के वशीभूत होकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़-बोलेपन की फितरत में भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे दिया। ट्रंप ने ये भी फरमाया कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाएं डूबती है तो डूब जाने दो, मुझे क्या? विश्व पटल पर क्या कोई भी कुशल, सुलझा हुआ और जानकार सर्वोच्च राजनेता किसी भी मुल्क के लिए इस तरह के तल्ख अल्फाज कदाचित अभिव्यक्त कर सकता है? समस्त विश्व जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती हुई एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। भारत का स्थान दुनिया के देशों में 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर स्थापित हो चुका है। विश्वबैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) द्वारा प्रेषित आंकड़ों के मुताबिक भारत की वार्षिक जीडीपी तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की है। आने वाले वक्त में भारत यथाशीघ्र पांच ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला मुल्क बन जाएगा। विश्व बैंक और आईएमएफ के इन आंकड़ों को नज़रअंदाज़ करके इस धरा पर कोई नासमझ व्यक्ति ही भारत की अर्थव्यवस्था को एक मृत अर्थव्यवस्था करार दे सकता है।

## ट्रंप का डेड इकॉनामी का जुमला बेतुका

विश्व पटल पर भारत के सबसे भरोसेमंद मित्र राष्ट्र रूस की अर्थव्यवस्था की तरफ एक दृष्टिपात करें तो रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में भी फरवरी 2022 से रूस की अर्थव्यवस्था प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निरंतर 4.3 प्रतिशत की विकास गति से आगे बढ़ रही है। जबकि इंग्लैंड की अर्थव्यवस्था की विकास गति प्रतिवर्ष केवल 1.1 प्रतिशत है और अमेरिका की अर्थव्यवस्था की विकास गति प्रतिवर्ष 2.8 प्रतिशत रही है। विश्व बैंक और आईएमएफ के प्रमाणित अंतरराष्ट्रीय आर्थिक आंकड़ों से बाकायदा सिद्ध हो जाता है कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ वस्तुतः अमेरिका की इकॉनामिक ग्रोथ से कहीं आगे छलांगें लगा रही हैं। ब्रिक्स देशों के संगठन की सैन्य और आर्थिक शक्ति से एकदम बौखलाए और दिग्भ्रमित हुए डोनाल्ड ट्रंप ही भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के डेड इकॉनामी वाले जुमले का वास्तविकता से कोई भी ताल्लुक नहीं है। विश्व पटल पर सबसे अधिक जीडीपी वाले देश हैं, क्रमशः अमेरिका, चीन, जर्मनी और भारत। जीडीपी के मामले में वस्तुतः दुनिया के पटल पर जापान को पीछे छोड़कर भारत चौथे नंबर पर आसीन हो चुका है। निकट भविष्य में प्रबल संभावना है कि जर्मनी को भी पीछे छोड़कर भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारत और अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते की खातिर बातचीत विगत छह महीनों से निरंतर जारी है। हालांकि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता अपने अंतिम पड़ाव तक अभी पहुंच नहीं सका है किंतु दुर्भाग्यपूर्ण रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा यकायक एकतरफा फैसला लेते हुए, भारत द्वारा अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामान पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क आयद करने का ऐलान कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी ऐलान किया कि भारत यदि रूस से तेल खरीदता है तो फिर पैनल्टी के तौर पर अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) भी आयद किया जाएगा।

## अमेरिका से व्यापार समझौते में अड़चन

परिणाम स्वरूप अमेरिका द्वारा भारतीय सामान पर आयात शुल्क की दरें 27 प्रतिशत से कहीं ऊपर उठकर तकरीबन 30 प्रतिशत हो जाएंगी। भारत-अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते में सबसे बड़ी अड़चन आई है कि डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि किसी भी तरह से भारत अमेरिका के साथ 500 अरब डॉलर की ट्रेड डील साइन कर ले और वह भी अमेरिका द्वारा थोपी गई मनमानी शर्तों पर। भारत के करोड़ों किसानों और छोटे उद्योगों के हितों की रक्षा करने के लिए भारत सरकार कुछ खास पहलुओं पर अमेरिका से व्यापार समझौता कदापि नहीं करना चाहती है। राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए भारत के बाजार को खोल देने की जिद पर अड़े हैं। भारत अपने डेयरी बाजार को अमेरिका के लिए कदापि खोलना नहीं चाहता है। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अपनी सशस्त्र सेनाओं के लिए रूस का दामन छोड़कर अमेरिका से आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्र खरीदे। सर्वविदित है कि रूस द्वारा भारत को अस्त्र-शस्त्रों के साथ ही उनको निर्मित करने की तकनीक भी उपलब्ध कराई जाती है, जबकि अमेरिका कदाचित ऐसा नहीं करता है और अमेरिका वस्तुतः रूस के मुकाबले भारत के लिए कहीं अधिक ऊंचे दामों पर अपने अस्त्र-शस्त्रों की कीमत तय करता है। उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा अमेरिका के एफ-35 स्टील्थ फाइटर विमानों की खरीद के प्रस्ताव को संभवतया इसलिए ठुकरा दिया गया, हालांकि अभी तक भारत द्वारा इन विमानों के विषय में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

## एफ-35 से बेहतर है रूस निर्मित विमान

भारत के जाने-माने सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर विमान के मुकाबले में रूस द्वारा निर्मित एसयू-57 स्टील्थ फाइटर विमान कहीं अधिक बेहतर और अपेक्षाकृत कम कीमत वाला है। यह भी एक कारण हो सकता है कि भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त पेनाल्टी आयद करने में डोनाल्ड ट्रंप ने जल्दबाजी प्रदर्शित की है। विश्व पटल पर भारत अकेला देश नहीं है जो कि अमेरिका के आयात शुल्क का दबाव झेल रहा है, वरन् दुनिया में ऐसे और भी 90 देश हैं, जोकि अमेरिका के मनमाने आयात शुल्क के दबाव का सामना कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सदैव भारत को अपना दोस्त देश कहकर पुकारा है। यक्ष प्रश्न है कि ट्रंप ने अपने दोस्त देश के साथ ऐसा दगा क्यों किया है?

उल्लेखनीय तथ्य है कि विगत अनेक वर्षों से अमेरिका वस्तुतः भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर रहा है। विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान दोनों देशों के मध्य कुल व्यापार 131.84 अरब डॉलर का रहा। भारत द्वारा अमेरिका को 87.4 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया गया और भारत द्वारा अमेरिका से 41.8 अरब डॉलर का सामान आयात किया गया। बाजार व्यवस्था के जानकारों के मुताबिक भारत पर अमेरिका द्वारा तकरीबन 30 प्रतिशत आयात शुल्क आयाद करने से भारत की जीडीपी में तकरीबन 0.20 प्रतिशत की कमी आ सकती है। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कुछ शिथिल हो सकता है। हालांकि भारत की अर्थव्यवस्था इतनी ताकतवर है, क्योंकि भारत तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का देश है। भारत के पास अपने ही देश में मजबूत घरेलू मांग और बाजार भी मौजूद है। अमेरिकी बाजार का सशक्त विकल्प तलाश कर लेने की प्रबल संभावना भारत के पास विद्यमान है। अतः भारत को यूरोपीय संघ, जापान, आसियान देश, अफ्रीकी देश और लैटिन अमेरिका जैसे देशों के वैकल्पिक बाजारों पर अपना समुचित ध्यान केंद्रित करना होगा। ग्लोबल साउथ देशों का सारा बाजार भारतीय सामान का इंतजार कर रहा है। बैंक ऑफ़ अमेरिका और जेपी मॉर्गन जैसे वित्तीय संस्थान पहले से ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जबरदस्त चेतावनी दे चुके हैं, कि अगर अमेरिकन टैरिफ नीति लंबे वक्त तक जारी रही तो फिर अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ घट सकती है। अमेरिका में खपत गिर सकती है, जिससे खुदरा बाजार और सेवा सेक्टर अत्यंत प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकन अर्थव्यवस्था पहले से ही चौपट पड़ी हुई है, क्योंकि अमेरिका के ऊपर तकरीबन 37 ट्रिलियन डॉलर का कर्जा सिर पर चढ़ गया है। अमेरिका को अगेन ग्रेट बनाने की दिग्भ्रमित सनक में कहीं डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था का रहा सहा बंटाधार ही ना कर दें। अमेरिका-भारत टकराव से उत्पन्न वातावरण में भारत अपनी ही करेंसी में चीन, रूस, ब्राज़ील, साउथ अफ्रीका और ईरान सरीखे मुल्कों के साथ अपना व्यापार बढ़ा सकता है। हालांकि विस्तारवादी चीन के साथ भारत के बुनियादी मतभेद कायम हैं, लेकिन भारत-चीन के द्वारा परस्पर व्यापार में निरंतर वृद्धि की जा सकती है।

## विश्व व्यापार संगठन की हिदायत का उल्लंघन

तकरीबन तीस वर्ष पहले विश्व पटल पर विश्व व्यापार संगठन का उदय हुआ था। उस वक्त विश्व के देशों ने विचार किया था कि आर्थिक प्रगति के नियमों के आधार पर वैश्विक व्यापार को संचालित किया जाना चाहिए। विश्व व्यापार संगठन के स्थापित नियमों ने दुनिया की महाशक्तियों का विशेषकर नव साम्राज्यवादी शक्तियों का बहुत अधिक दबाव बर्दाश्त किया है, इसके बावजूद वैश्विक व्यापार में शानदार प्रगति का दीदार हुआ है। दुर्भाग्य से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अप्रैल 2025 में अंजाम दिए गए टैरिफ ऐलान ने विश्व व्यापार के संतुलन को एकदम बिगाड़ कर रख दिया। विश्व व्यापार संगठन का बुनियादी विचार रहा है कि विकसित देशों को विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था को ताकत प्रदान करने की खातिर अपेक्षाकृत कम आयात शुल्क आयद करना चाहिए। दुर्भाग्य से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने विश्व व्यापार संगठन की इस बुनियादी हिदायत का घनघोर उल्लंघन किया है। दुनिया के पटल पर अगर आर्थिक तौर पर ताकतवर देश अपेक्षाकृत कमजोर देशों के साथ इस तरह का व्यवहार करेंगे तो फिर दुनिया में चौतरफा आर्थिक प्रगति का संकल्प एक कटु कल्पना रह जाएगा। भारत और अमेरिका के मध्य व्यापार को लेकर यदि कूटनीतिक कटुता बढ़ जाती है तो फिर विगत वर्षों के दौरान दोनों देशों के मध्य आर्थिक और रणनीतिक संबंधों के जो नए दरवाजे खुल गए हैं, वो पुनः बंद हो जाएंगे।

## हिंद प्रशांत क्षेत्र में साथी खो देगा अमेरिका

भारत-अमेरिकी परस्पर संबंधों में शानदार उभार देखा गया है, वो भी खाक़ में मिल जाएगा। परस्पर व्यापार सम्बन्ध को लेकर भारत-अमेरिका के मध्य यदि तनाव जारी बना रहता है तो फिर एशिया और हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका एक भरोसेमंद साथी भारत को गंवा सकता है। इस क्षेत्र में यदि चीन के विस्तारवाद पर लगाम कसनी है और ताइवान को सुरक्षित रखना है तो फिर राष्ट्रपति ट्रंप को भारत के प्रति अपनी नीति में बुनियादी परिवर्तन करना होगा। क्या अमेरिका को भारत वस्तुतः ब्राजील और चीन की तल्ख भाषा में सख्त प्रतिउत्तर दे सकता है? नहीं, क्योंकि भारत अपनी संतुलित विदेश नीति के तहत अमेरिका से अपने आर्थिक और कूटनीतिक संबंध कदापि खराब करना नहीं चाहता। किंतु डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों से खौफज़दा होकर भारत क्या रूस के साथ अपने गहन ऐतिहासिक रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को खत्म कर सकता है। भारत के लिए यह सोचना-विचारना तक असंभव है।

# अमेरिकी दबाव के आगे झुके नहीं भारत



ट्रेडनीति
डा. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच कारोबार और गहरी मित्रता की जिन चमकीली ऊंचाइयों की उम्मीदें की जा रही थी, वे ट्रंप के द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के ऐलान के बाद चकनाचूर हो गई हैं। इतना ही नहीं ट्रंप ने दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से भारतीय अर्थव्यवस्था को मृतप्रायः बताते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था उसी तरह गर्त में चली जाएगी, जैसे भारत के पुराने दोस्त रूस की अर्थव्यवस्था गर्त में गई है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत सहित 70 देशों पर व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए 10 से 41 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ सुनिश्चित किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि भारत हमारा मित्र है मगर हमने पिछले कई वर्षों में उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि वहां काफी ऊंचा शुल्क है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। उन्होंने हमेशा अपने सैन्य उपकरणों और कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा रूस से खरीदा है, जबकि हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं बंद करे।

उल्लेखनीय है कि इस समय जब अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर अंतिम दौर की चर्चा जारी है, जिसे फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच समझौते के तहत इसी वर्ष के अंत तक अंतिम रूप देने का निर्णय हुआ है। लेकिन अंतिम चर्चा के समय भारत देश के करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए कृषि और डेरी क्षेत्र में रियायत देने को तैयार नहीं है, ऐसे में अमेरिका ने भारत पर दबाव बढ़ाने के लिए ऊंचे टैरिफ का ऐलान किया है। स्थिति यह है कि कुछ देशों ने ट्रंप की एकपक्षीय और भेदभाव भरी मांगों के सामने घुटने टेक दिए हैं और अमेरिका की मांगों को मानते हुए जहां ऊंचे टैरिफ को स्वीकृति दी है, वहीं अमेरिका में भारी निवेश का वादा किया है।

## भारत की आवश्यकताएं अलग

निश्चित रूप से ट्रंप ने जिस तरह दूसरे देशों को व्यापार समझौते के लिए मनाया, वैसा भारत के नजरिये से दिक्कतदेह हैं। भारत के लिए ऐसे किसी समझौते को मानना मुश्किल है। ऐसा इसलिए कि भारत की विकास और आजीविका संबंधी आवश्यकताएं अलग हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और निर्यात गंतव्य है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को 86.5 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 11.6 फीसदी अधिक है जबकि इस दौरान आयात 45.7 अरब डॉलर रहा, जिससे अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 40.8 अरब डॉलर रहा।

## टैरिफ से कई उद्योग प्रभावित होंगे

ट्रंप के द्वारा लगाए गए टैरिफ के मद्देनजर भारत के कई उद्योग-कारोबार प्रभावित होंगे। वे सभी वस्तुएं और सेक्टर जिनका भारत निर्यात करता है उन कंपनियों पर बड़ा असर देखने को मिलेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारत का वस्तु निर्यात वित्त वर्ष




2025-26 में 86.5 अरब डॉलर से 30 फीसदी घटकर वित्त वर्ष 2026 में 60.6 अरब डॉलर रह सकता है। इसी तरह वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने कहा कि अमेरिका की तरफ से भारत पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क और टैरिफ लगाए जाने से चालू वित्त वर्ष 2025-26 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में महद 0.30 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। बार्कलेज ने कहा है कि घरेलू मांग पर आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था पर इस शुल्क वृद्धि का व्यापक असर पड़ने की आशंका नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था की अपेक्षाकृत बंद प्रकृति और घरेलू मांग पर निर्भरता इसे बड़े झटकों से बचाती है। इसी के साथ बार्कलेज ने उम्मीद जताई कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं के चलते अंतिम शुल्क दर आगे चलकर कम होकर 25 प्रतिशत से नीचे आ सकती है। जहां ट्रंप के टैरिफ से भारत के उद्योग-कारोबार पर प्रतिकूल असर होगा, वहीं अमेरिका को भारत से अधिक नुकसान होने की आशंका है।

हाल ही में प्रकाशित भारतीय स्टेट बैंक की नई रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप टैरिफ का असर भारत की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर कहीं अधिक पड़ने की संभावना है। एसबीआई रिसर्च ने चेतावनी दी है कि यह कदम अमेरिका में उच्च महंगाई, कमजोर डॉलर और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कमी का कारण बन सकता है। यह अमेरिका की खऱाब व्यापार नीति है, क्योंकि इससे अमेरिका की घरेलू मुद्रास्फीति और उपभोक्ता कीमतों पर ही नकारात्मक असर पड़ेगा, जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की छिपी हुई ताकतें खुद को समायोजित कर भारत को कुछ राहत देंगी।

यद्यपि ट्रंप के नए टैरिफ से अमेरिका को भारत से निर्यात में कमी जरूर आएगी, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई असर इसलिए नहीं होगा, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी की यह रणनीति सही है कि यदि झुक गए तो भविष्य में और भी दबाव पड़ सकता है तथा बार-बार घुटने टेकने पड़ सकते हैं। ऐसे में जनहित के मद्देनजर अब तक भारत ने अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता नहीं किया है। भारत ने ट्रंप की उस इच्छा को ठुकरा दिया है, जिसमें ट्रंप अन्य देशों के साथ भारत के रिश्तों पर वीटो चाहते हैं, यानी ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका तय करे कि भारत किसके साथ कैसे रिश्ते रखे। निश्चित रूप से अब भारत को अमेरिकी बाजारों को निर्यात करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में भारत को कई बातों पर ध्यान देना होगा। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को और भी बहिर्मुखी बनाना होगा। अच्छी बात यह है कि हाल ही में भारत ने महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार-समझौते (एफटीए) कर लिए हैं और उसे दोगुनी तेजी के साथ ऐसे अन्य समझौतों की दिशा में बढ़ना होगा। हमें पूर्व के अपने पड़ोसियों के साथ आर्थिक जुड़ाव का रास्ता दोबारा तैयार करना होगा।

## सीपीटीपी का हिस्सा बने भारत

भारत को व्यापक एवं प्रगतिशील प्रशांत पार साझेदारी (सीपीटीपी) का हिस्सा बनने के लिए आगे बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि ट्रंप की टैरिफ चुनौती के बीच भारत अपने देश के करोड़ों लोगों के कृषि और डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हितों के लिए दृढ़ता के साथ खड़ा रहेगा और ट्रंप की भेदभाव भरी मांगों के दबाव से दूर रहेगा। निश्चित रूप से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भारत के 140 करोड़ लोगों के विशाल बाजार और भारत के युवाओं की बढ़ती क्रयशक्ति के सामने कारोबारी ट्रंप भारत के साथ पारस्परिक व्यापार हितों के अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ेंगे। भारत और अमेरिका के बीच शीघ्र ही अच्छे कारोबार समझौते से व्यापार का नया लाभप्रद दौर अवश्य आकार लेते हुए दिखाई देगा। बस भारत झुके नहीं।

# आर्थिक राष्ट्रवाद दिखाने का वक्त



आर्थिकी
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

गिद्ध के श्राप से गाय नहीं मरती। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत व रूस को मृत अर्थव्यवस्था कह भर देने से भारतीय अर्थव्यवस्था मृत नहीं हो जाती है। प्राचीन काल में भी जब अमेरिका का अस्तित्व भी नहीं था, तब भारत आर्थिक महाशक्ति था, वैश्विक निर्यात में 45 फीसदी योगदान करता था। मध्यकाल में भी भारत एक आर्थिक शक्ति था। दमनकारी व शोषणकारी अंग्रेजी हुकूमत के दौर में जरूर भारत के आर्थिक हालात चरमराए, लेकिन आजादी के बाद से भारत उतरोत्तर प्रगति पथ पर है। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है, जर्मनी को पछाड़ कर जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। भारत की आर्थिक क्षमता व सामर्थ्य को लेकर ट्रंप या तो गफलत में हैं या शेखी बघार रहे हैं। अमेरिका में ट्रंप ने झूठ बोलने का रिकार्ड बनाया है और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार झूठ बोल रहे हैं।

ट्रेड वार्ता जारी रहने के बीच एकतरफा मनमाना तरीके से 25 फीसदी टैरिफ भारत पर थोपने के बाद ट्रंप का भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनोमी कहना अमेरिकी पराभव को लेकर उनकी हताशा को दर्शाता है। ट्रंप अमेरिकी चुनाव के दौरान यूक्रेन व रूस जंग खत्म कराने की शेखी बघारते थे, युद्ध खत्म नहीं करा पाए। यूक्रेन को जलील किया तो यूरोप ने अलग राह पकड़ ली, ईरान को आंख दिखाई, कतर में जवाब मिला। ट्रेड को लेकर चीन को सबक सिखाने की बात कही थी, सबसे पहले ड्रैगन के सामने ही घुटने टेके। हकीकत तो यह है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था वर्ष 2008 की मंदी के बाद से कभी उबर ही नहीं पाई है। इन 17 वर्षों में अमेरिका की जीडीपी हमेशा ढलान पर हिचकोले खाती रही है, मौजूदा जीडीपी दर 2.8 फीसदी है।

## अमेरिका सबसे बड़ा कर्जदार

अमेरिका बेशक विश्व की नंबर एक इकॉनोमी है, लेकिन वह सबसे बड़ा कर्जदार भी है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज करीब 37 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 32 लाख अरब रुपये को पार कर गया है। अमेरिका का कर्ज पर ब्याज चुकाने का खर्च हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। ट्रंप अमेरिकी अर्थव्यवस्था को संकट से उबारने के वादे के साथ सत्ता में आए हैं, उन्हें टैरिफ बढ़ा कर आय बढ़ाना आसान रास्ता लग रहा है, लेकिन इस शॉर्टकट से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। यह न 60 के दशक का दौर है, न 80 के दशक का। 90 के दशक के बाद दुनिया बदल चुकी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था मुक्त व उदार हो गई है और अब वह बहुध्रुवीय है। इसलिए कोई भी देश न किसी एक देश पर निर्भर है और न ही कोई एक देश किसी दूसरे देश का कुछ बिगाड़ सकता है।

## भारत बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था

भारत तेज वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए ट्रंप का भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताना अनुचित है। ऐसे समय जब अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष समेत प्रमुख वैश्विक एजेंसियां भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में पेश कर रही हैं, ट्रंप का कथन एक और झूठ के सिवा कुछ नहीं है।



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्लूईओ) का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ के 191 सदस्य देश हैं। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आईएमएफ ने डब्लूईओ रिपोर्ट में कहा है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 फीसदी यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है व अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास के अनुमान को 0.1 फीसदी यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया गया है। आईएमएफ ने अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। यह अनुमान 2023 में 2.9 फीसदी था, अमेरिकी जीडीपी दर उस वर्ष 2.54 फीसदी रही थी।। विश्व बैंक और पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का अनुमान 6.5 प्रतिशत है और 2026-27 के लिए 6.7 फीसदी है। पिछले महीने जारी वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में विश्व बैंक ने कहा था कि अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इस साल छह मई को जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में भारत की जीडीपी की विकास दर 6.3 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। अमेरिकी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने जून में जारी एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारत में घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे अर्थव्यवस्था को वैश्विक चुनौतियों के बाद भी गति मिल रही है। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। अमेरिका ने जिस व्यापार घाटा का हवाला देते हुए भारतीय आयातों पर 25 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की है, उसकी हकीकत भी आंकड़े में कुछ और है। भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा केवल 41 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो चीन के साथ 270 अरब डॉलर व वियतनाम जैसे छोटे देश के 113 अरब डॉलर से बहुत कम है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार 25 प्रतिशत शुल्क दवा, मुख्य रसायन, ऊर्जा उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा। ट्रंप शुल्क का भारत पर खास असर इसलिए भी नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारत के कुल निर्यात का बड़ा हिस्सा पहले ही अमेरिकी सरकार की तरफ से 'सेक्शन 232' के तहत दी जाने वाली छूट के दायरे में आता है। ऐसे में उन उत्पादों पर बढ़ा हुआ शुल्क लागू नहीं होगा।

## विविध बाजार विकल्प अपनाएं

भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले डीजल और विमान ईंधन उत्पादों को भी आयात शुल्क से छूट प्राप्त है। इसलिए भारत को बिल्कुल नहीं झुकना चाहिए। भारत के सामने ब्रिटेन, यूरोप, मध्य-पूर्व एशिया, खाड़ी देश, रूस, अफ्रीकी देश, पूर्वी एशिया के बाजार के विकल्प खुले हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती घरेलू खपत से है, निर्यात से नहीं। अमेरिका के बुरे बर्ताव को भारत को अवसर के रूप में लेना चाहिए और विविध बाजार विकल्पों को अपना कर आर्थिक राष्ट्रवाद को मजबूत करना चाहिए। अमेरिकी दबाव में भारत को कृषि, खाद्यान्न व डेयरी क्षेत्र कतई नहीं खोलना चाहिए। अमेरिका की अनुचित मांगों को मानने की जरूरत नहीं है। ट्रेड डील के जरिये अमेरिका भारत को अपने कृषि व डेयरी उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बनाना चाहता है। जैसे उसने मैक्सिको व हैती को बनाया था। भारत को अपनी शर्तों पर अड़े रहना चाहिए।

# नेशनल बैंक ओपन टेनिस : फ्रिट्ज ने दिखाया दम, डायलो को मात देकर तीसरे दौर में पहुंचे, शेल्टन भी आगे बढ़े

## फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के छह फुट आठ इंच लंबे गैब्रियल डायलो को 6- 4, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से होगा, जिन्होंने फ्रांस के 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3- 6, 6-3, 6-4 से हराया।

### बेन शेल्टन ने ब्रेंडन नकाशिमा को दी मात

अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रेंडन नकाशिमा को 6-7, 6-2, 7-6 से मात दी। अब वह इटली के 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली से खेलेंगे। रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। सातवी वरीयता प्राप्त अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। अब वह आस्ट्रेलिया के ही एलेक्स डि मिनौर से खेलेंगे।



### सेवास्तोवा से हारी जेसिका

दो बार की गत चैंपियन जेसिका पेगुला नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अनास्तासिया सेवास्तोवा से 6-3, 4-6, 1-6 से हार गई। लाटविया की 35 वर्ष की सेवास्तोवा 2018 में 11वीं रैंक पर थी लेकिन अब 386वें स्थान पर खिसक गई। अब उनका सामना जापान की नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराया।

- अनास्तासिया का अगला मुकाबला जापान की नाओमी ओसाका से





### स्वियातेक का जीत का अभियान जारी

अन्य मैचों में विम्बलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6-2, 6-2 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टाउसन से होगा, जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-0 से मात दी । पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने इंग्लैंड का एम्मा राडूकानू को 6-2, 6-1 से हराया। अब वह यूक्रेन की दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से खेलेंगी, जिन्होंने रूस की अन्ना कालिंस्काया को 6-1, 6-1 से शिकस्त दी। छठी वरीयता प्राप्त अमेरिका की मेडिसन कीस ने हमवतन कैटी मैकनैली को 2-6, 6-3, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप



### एआईजी महिला ओपनः दीक्षा ने कट में बनाई जगह

पोर्थकॉल (वेल्स)। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से अच्छी तरह निपटते हुए एआईजी महिला ओपन में एक ओवर 73 का कार्ड खेला, जिससे वह कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने पहले दौर में एक अंडर का कार्ड खेला था और अब दो दौर में वह इवन पार पर बनी हुई हैं। वह संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वह यहां छठी बार हिस्सा ले रही हैं लेकिन दूसरी दफा ही कट हासिल कर पाईं। पिछली बार 2023 में संयुक्त 21वें स्थान पर रहना उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

### प्लात्जमैन ओपन : नील्स मैकडोनाल्ड से हारे नागल



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल जूनियर फ्रेंच ओपन चैंपियन और गैर वरीय नील्स मैकडोनाल्ड से जर्मनी में चल रहे प्लातजमैन ओपन एटीपी 75 चैलेंजर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए। विश्व रैंकिंग में 307वें स्थान पर काबिज नागल को दस साल छोटे प्रतिद्वंद्वी ने दो घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। वाइल्ड कार्ड के जरिए खेल रहे 17 वर्ष के मैकडोनाल्ड ने नौ में से छह ब्रेक प्वाइंट बचाए और पांच बार नागल की सर्विस तोड़ी। नागल को प्री क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के लिये 1535 यूरो और छह रैंकिंग अंक मिले। इस बीच अमेरिका में लेक्सिंग्टन ओपन में भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश को स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी एलियोट स्पिजिरी ने 7-6, 6-4 से मात दी। कजाखस्तान में प्रेसिडेंट्स कप में करण सिंह क्वार्टर फाइनल में इटली के अलेक्जेंडर बिंदा से 4-6, 4-6 से हार गए।

### मैत्री मैच खेलने पर स्वीटी की नजरें



**उदयपुर।** एएफसी महिला एशियाई कप की तैयारी के लिए भारत को 12 अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने हैं और अनुभवी सेंटर-बैक स्वीटी देवी नगांगबाम का मानना है कि इन मुकाबलों से मिलने वाला अनुभव फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के उनके सपने को मजबूत करेगा। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर काबिज भारत को एक से 21 मार्च 2026 तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए एशियाई दिग्गज टीमों जापान (सातवें), वियतनाम (37वें) और चीनी ताइपे (42वें) के साथ एक कठिन ग्रुप सी में रखा गया है। उदयपुर के पास जावर में जिंक फुटबॉल गर्ल्स अकादमी के लांच के दौरान स्वीटी ने बताया, 'जापान हमेशा एक शीर्ष टीम रही है और उनके खिलाफ खेलना एक बड़ा मौका है।

## भारत दूसरी पारी में 396 रन पर ऑलआउट, जायसवाल ने शतक लगाया

# जीत के लिए रिकॉर्ड 374 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने क्रॉली का विकेट गंवाया

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां जीत के लिए रिकॉर्ड 374 रन का लक्ष्य देने के बाद इंग्लैंड का 50 रन पर एक विकेट चटकाने में सफल रहा। भारत को श्रृंखला को 2-2 से बराबर करने के लिए और नौ विकेट की जरूरत है जबकि इंग्लैंड के सामने जीत के लिए और 324 रन बनाने की मुश्किल चुनौती है। दिन के आखिरी ओवर में मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (14) को बोल्ड का भारत को बड़ी सफलता दिलायी। इस समय बेन डकेट 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। क्रॉली के आउट होते ही दिन के खेल की समापन की घोषणा कर दी गयी। इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने तीन जीवनदान का फायदा उठाते हुए मुश्किल परिस्थितियों में (118) की शतकीय पारी खेली। उन्होंने आकाशदीप (66) के साथ तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की। कप्तान शुभमन गिल और करुण नायर के सस्ते में आउट होने के बाद वाशिंगटन सुंदर (53) और रविंद्र जडेजा (53) ने अर्धशतकीय पारियों से सुनिश्चित किया की मैच पर भारत का दबदबा बना रहे। ओवल में चौथी पारी में सफलतापूर्वक सबसे बड़ा लक्ष्य का पीछा 263 रन का है। ऐसे में इंग्लैंड को इस मैच को जीतने के लिए चौथी पारी में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करना होगा।



### जायसवाल ने की गावस्कर और शर्मा की बराबरी

यशस्वी जायसवाल का ये इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में चौथा शतक है, जिसके साथ ही वह अब रोहित शर्मा और सुनील गावस्कर के बराबर पहुंच गए हैं। भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर पहले नंबर पर हैं, जिसमें दोनों के बल्ले से 7-7 शतकीय पारियां देखने को मिली हैं। यशस्वी इस लिस्ट में संयुक्त रूप से अभी चौथे नंबर पर काबिज हैं, जिसमें उनसे आगे कप्तान शुभमन गिल सहित कई अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं।

### यशस्वी ने किया तेंदुलकर के रिकॉर्ड को ध्वस्त

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल के शानदार रिकॉर्ड का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उन्होंने सचिन तेंदुलकर के एक बड़े रिकॉर्ड को ओवल टेस्ट मैच के दौरान तोड़ने का काम किया। यशस्वी जायसवाल 23 साल की उम्र में अब भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। यशस्वी जायसवाल की 23 साल की उम्र में ये 9वीं फिफ्टी प्लस रनों की पारी थी, तो वहीं सचिन ने 23 साल की उम्र तक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 8 फिफ्टी प्लस रनों की पारी खेली थी।

क्रिकेट

## आपसी तालमेल और विश्वास के कारण भारत की वापसी : प्रसिद्ध



एजेंसी ▶▶| लंदन

तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट में वापसी का श्रेय आपसी विश्वास, जिम्मेदारी और तेज गेंदबाजी ईकाई के तालमेल को दिया है। पहले सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों ने पांचवें और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन बाकी दोनों सत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 247 रन पर आउट करके सिर्फ 23 रन की बढ़त लेने दी।

प्रसिद्ध ने कहा, 'हम तीनों ने ब्रेक में बात की थी। हमने कहा कि जो हुआ, वह हो चुका है। हमें यह देखना है कि आगे क्या करना है।'

उन्होंने कहा, 'हमने यह सुनिश्चित किया कि गेंदबाजी के समय एक दूसरे के साथ खड़े होंगे। अगर कुछ बदलाव करना होगा तो करेंगे। एक दूसरे के पास जाकर एक दूसरे को बताते रहेंगे कि क्या करना है। हम बहुत खुश है कि एक दूसरे को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते रहे।' मोहम्मद सिराज ने 16-2 ओवर में 86 रन देकर चार विकेट लिए जबकि प्रसिद्ध ने 16 ओवर में 62 रन देकर चार विकेट चटकाए। प्रसिद्ध ने गेंदबाजों के तालमेल के बारे में कहा ,'हम काफी समय से साथ खेल रहे हैं और आईपीएल में भी मैं उसके साथ खेला हूं।

### रूट को चिढ़ाना रणनीति का हिस्सा : प्रसिद्ध

**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 'अच्छे दोस्त' जो रूट के साथ पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन हुई नोंकझोंक का पूरा मजा लिया और उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के इस अनुभवी बल्लेबाज को गुस्सा दिलाना टीम की रणनीति का हिस्सा था। प्रसिद्ध और रूट के बीच तनाव के कारण अंपायरों को दखल देना पड़ा। आमतौर पर शांत रहने वाले रूट 22वें ओवर में चौके बाद प्रसिद्ध की टिप्पणी से खुश नहीं थे। प्रसिद्ध ने मैच के बाद कहा ,'यह छोटी सी बात थी। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने की वजह से ऐसा हो जाता है। हम मैदान से बाहर अच्छे दोस्त हैं। यह हल्की नोंकझोंक थी और हम दोनों ने इसका मजा लिया।'

भेंट किए तीन करोड़

## महाराष्ट्र सरकार ने ग्रैंडमास्टर दिव्या को पुरस्कार से नवाजा



एजेंसी ▶▶| नागपुर

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

उन्नीस साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया, जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं, जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं।

### मैं बच्चों के लिए प्रेरणा का हिस्सा बनी : दिव्या

दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है।'उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपए का चेक सौंपा और उनके भविष्य के प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया।

### सीजेआई गवई ने दिव्या से की मुलाकात



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भूषण गवई ने दिव्या देशमुख के घर जाकर फिडे शतरंज विश्व कप चैंपियन और ग्रैंडमास्टर बनने पर उन्हें बधाई दी। मुख्य न्यायाधीश अमरावती से हैं और दिव्या के दादा स्वर्गीय डॉ. केजी देशमुख कभी संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय के कुलपति थे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उनके पिता और स्व.केजी देशमुख बहुत करीबी दोस्त थे। उन्होंने कहा, ' हम एक परिवार की तरह पले-बढ़े हैं। यहां आना मेरे लिए पुरानी यादों को ताजा करने जैसा था। मैं 50-55 साल पीछे चला गया और मैंने फिर से सभी पुरानी यादों को ताजा किया। यह मेरे लिए लंबे समय के बाद सब से मिलने का यह शानदार मौका था। मैं यहां दिव्या को अपनी शुभकामनाएं देने आया हूं। उसने हम सभी को बहुत गौरवान्वित किया है।'

### स्कॉटिश चैलेंज : तलवार ने कट किया हासिल



**रॉक्सबर्ग (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने फार्मफूड्स स्कॉटिश चैलेंज में दूसरे दौर में एक ओवर 72 के कार्ड के साथ कट हासिल किया। आर एंड ए की ओर से समर्थित इस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में उन्होंने 66 का कार्ड खेला था, जिससे उनका कुल स्कोर चार अंडर का है। वह संयुक्त 37वें स्थान पर है। तलवार दूसरे दौर के शुरुआती नौ होल में तीन बर्डी लगाने के बाद अच्छी स्थिति में थे लेकिन वह 11 होल में बोगी और 16वें होल में एक ट्रिपल बोगी कर बैठे। स्पेन के क्विम विडाल ने दूसरे राउंड में छह अंडर 65 के स्कोर के साथ शीर्ष पर दो स्ट्रोक की बढ़त हासिल कर ली।

### विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप ...



**सिंगापुर।** विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 800 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका की स्वर्ण पदक विजेता केटी लेडेकी (बीच में), उनके साथ ऑस्ट्रेलिया की रजत पदक विजेता लानी पैलिस्टर (बाएं) और कनाडा की कांस्य पदक विजेता पोडियम पर जश्न मानती हुई।

### साउथ जोन के कप्तान बने तिलक वर्मा, सलमान, साई किशोर, देवदत्त को मौका



**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 28 अगस्त से होगी और इसका फाइनल मुकाबला 11 सितंबर से खेला जाएगा। बीसीसीआई की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में नार्थ, साउथ, ईस्ट, वेस्ट और नार्थ-ईस्ट जोन की टीमें हिस्सा लेंगे और इस सीजन के सभी मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी के इस सीजन के लिए साउथ जोन ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया और इस सीजन के लिए तिलक वर्मा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है जबकि टीम के उप-कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन होंगे।

## 12 दिसंबर को पहुंचेंगे कोलकाता, दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद भी जाएंगे

# एक दशक बाद भारत आएंगे मेस्सी, कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉल प्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दीदार का मौका मिलेगा, जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जाएंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

मेस्सी इससे पहले 31 अगस्त 2011 को कोलकाता आए थे, जहां उन्होंने अर्जेंटीना टीम के साथ वेनेजुएला के खिलाफ मैच खेला था और 1.0 से जीते थे। जानकार सूत्रों ने बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई है लेकिन मेस्सी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है। सूत्र ने कहा ,' सब कुछ तय हो गया है और हमें मेस्सी से आधिकारिक पुष्टि का



इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी।' उन्होंने कहा,'अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आएगी।'

### कोलकाता में करेंगे अपनी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

कार्यक्रम के अनुसार मेस्सी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे, जहां वह दो दिन और एक रात रुकेंगे । कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम होगा, जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जाएंगे, जहां दोपहर 12 से डेढ़ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कन्सर्ट होगा। सूत्र ने कहा,' वह प्रति टीम सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे, जिसमें सौरव गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम और बाईचुंग भूटिया भी होंगे। ईडन गार्डंस पर होने वाले इस आयोजन के लिए टिकट की न्यूनतम दर 3500 रुपए होगी । हमें उम्मीद है कि 68 हजार की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मेस्सी वहां एक घंटा 20 मिनट तक होंगे।' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें वहां सम्मानित कर सकती हैं।

### अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में लेंगे भाग

मेस्सी 13 दिसंबर की शाम को अहमदाबाद में अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे, जहां सीसीआई पर शाम 3.45 पर 'मीट एंट ग्रीट ' कार्यक्रम होगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर 5.30 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। सूत्र ने बताया कि इसके लिए वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग हो चुकी है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि मेस्सी सात सात खिलाड़ियों वाला क्रिकेट मैच एमएस धोनी और विराट कोहली के साथ खेल सकते हैं लेकिन सूत्र ने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा,' मुंबई में कोई क्रिकेट मैच नहीं होगा। भारतीय हस्तियों की मौजूदगी में सॉफ्ट बॉल और सॉफ्ट टच मैच ही होगा, जो उनके सफर का जश्न होगा।' इसके बाद वह भारतीय फुटबॉल टीम से बात कर सकते हैं।




## मालेगांव विस्फोट मामले में अदालत की टिप्पणी

# प्रतिबंधित संगठन नहीं है अभिनव भारत

भाषा ▶▶ मुंबई

2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करने वाली विशेष अदालत ने अभियोजन पक्ष के दावे को खारिज कर दिया कि दक्षिणपंथी चरमपंथी समूह अभिनव भारत ने विस्फोट को अंजाम दिया था। अदालत ने कहा कि सरकार ने इस संगठन को आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित नहीं किया है। विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने 1,000 से अधिक पृष्ठ के फैसले में कहा कि महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने जांच निष्कर्षों में दावा किया था कि सभी आरोपी व्यक्ति अभिनव भारत के सदस्य थे, जो एक संगठित आपराधिक गिरोह था। न्यायाधीश ने कहा कि इस संगठन को केंद्र सरकार द्वारा आतंकी संगठन घोषित नहीं किया गया है, और यअभिनव भारत ट्रस्ट, संस्था, संगठन, फाउंडेशन भी प्रतिबंधित नहीं है। अदालत ने कहा कि अभियोजन एजेंसियों द्वारा हिरासत में लिए जाने के चरण से लेकर अंतिम सुनवाई तक, अभिनव भारत शब्द का इस्तेमाल लगातार एक सामान्य संदर्भ या आम बोलचाल में किया गया था। फैसले में कहा गया है, यह उल्लेख करना आवश्यक है कि अभिनव भारत एक प्रतिबंधित संगठन नहीं है। आज तक, यह गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत इसपर प्रतिबंध नहीं लगा है। फैसले में कहा गया है कि यदि केंद्र सरकार को लगता है कि कोई संघ गैरकानूनी है, तो अधिसूचना के माध्यम से उसे प्रतिबंधित घोषित कर सकती है। अदालत ने कहा लेकिन आज तक ऐसा कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया, जिससे पता चले कि अभिनव भारत ट्रस्ट या अभिनव भारत संगठन को केंद्र सरकार ने किसी अधिसूचना के माध्यम से प्रतिबंधित या गैरकानूनी घोषित किया है।


मुंबई। सत्र न्यायालय से बाहर निकलते ले. कर्नल प्रसाद पुरोहित

### 2007 में अभिनव भारत ट्रस्ट का गठन किया गया था

कोर्ट ने फैसले में कहा कि 2007 में अभिनव भारत ट्रस्ट का गठन किया गया था, तो यह पुणे चैरिटी कार्यालय में पंजीकृत था, और ट्रस्ट डीड के अवलोकन से पता चला कि इसके उद्देश्यों में कुछ भी गलत या अवैध नहीं था। ट्रस्ट डीड के अनुसार, अभिनव भारत ट्रस्ट का उद्देश्य देशभक्ति और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। अदालत ने कहा, इसमें (ट्रस्ट डीड में) उल्लिखित उद्देश्य कानूनी हैं। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि आरोपी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, समीर कुलकर्णी और सुधाकर चतुर्वेदी अभिनव भारत ट्रस्ट के सदस्य थे। अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि पुरोहित ने 2007 में अलग संविधान वाले हिंदू राष्ट्र की स्थापना का प्रचार करते हुए अभिनव भारत नामक संस्था की स्थापना, क्योंकि इस संस्था के सदस्य भारतीय संविधान से असंतुष्ट थे।

## मोदी और योगी को भी फंसाने की थी साजिश

**मुंबई।** मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने जांच कर रहे अधिकारियों पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी, उप्र के सीएम योगी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और अन्य का नाम लेने के लिए उन पर दबाव डालने की कोशिश की थी। प्रज्ञा ठाकुर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने मुझसे कई लोगों के नाम लेने को कहा, जिनमें राम माधव भी शामिल हैं। यह सब करने के लिए उन्होंने मुझे प्रताड़ित किया। मैं गुजरात में रहती थी इसलिए उन्होंने मुझसे पीएम मोदी का नाम लेने को भी कहा।


■ साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने किया बड़ा दावा

## 'हर घर तिरंगा' अभियान


**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्वतंत्रता दिवस से पहले 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत शनिवार को चित्रकला प्रतियोगिता में अपने भावों को उकेरती प्रतिभागी।

## खबर संक्षेप



### बाबा केदारनाथ यात्रा फिर से हुई शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण यह यात्रा कई दिनों से बाधित थी। हालांकि अब श्रद्धालुओं को पहले से ज्यादा पैदल चल कर बाबा के धाम पहुंचना होगा।

### कोरेगांव: जांच आयोग को 31 अक्टूबर का समय मिला

**पुणे।** महाराष्ट्र सरकार ने पुणे जिले के कोरेगांव भीमा गांव में एक जनवरी 2018 को हुई हिंसा की तफ्तीश कर रहे जांच आयोग को तीन महीने का विस्तार दिया है। अफसरों ने बताया कि कोरेगांव भीमा जांच आयोग को पहले 31 जुलाई तक का विस्तार दिया गया।

### थाईलैंड ने कंबोडिया के दो सैनिक वापस भेजे

**नोम पेन्ह (कंबोडिया)।** कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ पांच दिन चले संघर्ष को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम लागू होने के बाद दो घायल कंबोडियाई सैनिकों को वापस किये जाने का शुक्रवार को स्वागत किया। दोनों सैनिकों को थाईलैंड की सेना ने पकड़ लिया था। मंगलवार को विवादित क्षेत्र में पकड़े गए कंबोडियाई सैनिकों के 20 सदस्यीय समूह के शेष सदस्य अब भी थाईलैंड के कब्जे में हैं।

### पुरी में आग के हवाले की गई लड़की की मौत

**नई दिल्ली।** ओडिशा के सीएम मोहन माझी ने बताया कि पुरी जिले में पखवाड़े पहले तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा कथित तौर पर आग के हवाले कर दी गई 15 वर्षीय लड़की की एम्स, दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुरी में भार्गवी नदी के तट पर 19 जुलाई सुबह तीन अज्ञात ने अपहरण कर आग लगा दी थी।

## अमेरिका और रूस के बीच बढ़ा तनाव

# पुतिन के करीबी की धमकी, यूएस की न्यूक्लियर सबमरीन हमारे टारगेट पर

**रूसी सांसद विक्टर ने दावा किया है कि ट्रंप की दो परमाणु पनडुब्बियों पर पहले से ही नजर है और इस पर प्रतिक्रिया की जरूरत नहीं है।**

एजेंसी ▶▶ मॉस्को/वाशिंगटन

रूस और अमेरिका के बीच तनाव अब परमाणु टकराव की दिशा में बढ़ रहा है। दोनों महाशक्तियां अब एक दूसरे के खिलाफ परमाणु शक्ति प्रदर्शन में लगी हैं। शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के करीब दो परमाणु पनडुब्बियों को भेजने का आदेश दिया था, जिस पर रूस के वरिष्ठ नेता ने पलटवार किया है।

रूसी संसद ड्यूमा के सदस्य ने कहा कि ट्रंप की भेजी गई दो परमाणु पनडुब्बियों से निपटने के लिए समुद्र में पर्याप्त रूसी न्यूक्लियर सबमरीन मौजूद हैं। पुतिन के सांसद ने यह भी कहा कि रूस के पास अमेरिका से काफी ज्यादा पनडुब्बियां हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी ने वरिष्ठ रूसी सांसद विक्टर वोदोलात्स्की के हवाले से कहा कि 'दुनिया के महासागरों में रूस की परमाणु पनडुब्बियों की संख्या अमेरिकी पनडुब्बियों से कहीं ज्यादा है और जिन पनडुब्बियों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उचित क्षेत्रो में भेजने का आदेश दिया है, वे लंबे समय से उनके नियंत्रण में हैं। इसलिए पनडुब्बियों के बारे में अमेरिकी नेता के बयान पर रूसी संघ की ओर से कोई प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है।'



### ट्रंप ने अमेरिकी परमाणु पनडुब्बियों की जगह बदलने का आदेश दिया

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव के 'बेहद भड़काऊ बयानों' के बीच दो अमेरिकी परमाणु पनडुब्बियों को स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि मेदवेदेव के 'बेहद भड़काऊ बयानों' के आधार पर उन्होंने उचित क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि बयान बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और कभी-कभी यह अनचाहे दुष्परिणामों की ओर ले जाते हैं, मैं आशा करता हूं कि मेदवेदेव के बयानों से ऐसा न हो।" दरअसल ट्रंप ने बृहस्पतिवार तड़के एक पोस्ट में मेदवेदेव को "रूस का नाकाम पूर्व राष्ट्रपति" बताया था। इसके कुछ घंटे बाद मेदवेदेव ने जवाब देते हुए कहा कि रूस हर मामले में सही है और अपने रास्ते पर चलता रहेगा।"

### दोनों देशों के बीच जुबानी जंग जारी



दोनों देशों के बीच जुबानी जंग की शुरुआत इस हफ्ते हुई थी, जब मेदवेदेव ने लिखा, "ट्रंप रूस के साथ अल्टीमेटम गेम खेल रहे हैं। उन्हें दो बातें याद रखनी चाहिए: 1. रूस इजराइल या ईरान नहीं है। 2. हर नया अल्टीमेटम एक खतरा है और युद्ध की ओर ले जाने वाला एक कदम है। रूस और यूक्रेन के बीच नहीं, बल्कि उनके अपने देश (अमेरिका) के साथ।" शुक्रवार को जब ट्रंप व्हाइट हाउस से रवाना हो रहे थे, उनसे पूछा गया कि पनडुब्बियों का स्थान कहां बदला गया है तो उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी। ट्रंप ने कहा कि हमें ऐसा करना ही था। हमें बस सावधान रहना होगा। धमकी दी गई थी। हमें लगा कि यह उचित नहीं है, इसलिए मुझे बहुत सावधान रहना होगा।" ट्रंप ने यह भी कहा, "मैं ऐसा अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कर रहा हूं। जब आप परमाणु शक्ति की बात करते हैं, तो हमें तैयार रहना होगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं।"

### रूस अमेरिका के बीच टकराव से बचने पर सहमति: लावरोव



इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के हालिया साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया देते हुए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस इस बात से सहमत है कि वाशिंगटन और मास्को के बीच सीधा सैन्य टकराव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं और रूस के साथ टकराव की तैयारी में लगे हैं, तब अमेरिका ने एक जिम्मेदार रुख अपनाया है। लावरोव ने माना कि अमेरिका और रूस के बीच संवाद के जरिए यह साझा समझ बन पाई है, जो वैश्विक स्थिरता के लिए जरूरी है। उधर ट्रंप के बयान के बाद मॉस्को एक्सचेंज इंडेक्स में 2,709.26 अंकों की गिरावट दर्ज की गई थी।

## राष्ट्रपति कार्यालय ने दी जानकारी, प्रवेश निःशुल्क

# अमृत उद्यान 16 से 14 सितंबर तक जनता के लिए खुला रहेगा

जेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन स्थित प्रसिद्ध अमृत उद्यान 16 अगस्त से 14 सितंबर तक जनता के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। इस अवधि के दौरान उद्यान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा और अंतिम प्रवेश शाम सवा पांच बजे होगा। अमृत उद्यान में प्रवेश निःशुल्क है। रखरखाव के कारण सोमवार को बंद रहेगा।

इस साल आगंतुक 'बैबलिंग ब्रुक' का भी अनुभव कर सकेंगे। इस उद्यान पथ में बाल वाटिका, हर्बल गार्डन, बोनसाई गार्डन, सेंट्रल लॉन, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन शामिल होंगे।



### क्यूआर कोड से जानें पौधों की खासियत

पूरे पथ में लगाए गए क्यूआर कोड विभिन्न पौधों की प्रजातियों और डिज़ाइन तत्वों के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। आगंतुक नॉर्थ एवेन्यू रोड के पास स्थित गेट संख्या 35 से प्रवेश और निकास कर सकते हैं। आगंतुकों को मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक चाबियां, पर्स, हैंडबैग, पानी की बोतलें, बच्चों के दूध की बोतलें और छाते ले जाने की अनुमति है। इनके अलावा किसी अन्य वस्तु की अनुमति नहीं होगी।

## अमेरिका में आठ नए भारतीय वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्रों का उद्घाटन

भाषा ▶▶ न्यूयॉर्क/एडिसन

भारत ने अमेरिका में आठ नए वाणिज्य दूतावास केंद्र खोले हैं। इस कदम से वीजा, पासपोर्ट और अन्य सेवाओं की पहुंच में काफी विस्तार हुआ है, जिससे देश में भारतीय प्रवासियों के लिए ये सेवाएं अधिक सुलभ और कुशल बनेंगी।

भारत के अमेरिकी राजदूत विनय क्वात्रा ने शुक्रवार को बोस्टन, कोलंबस, डलास, डेट्रॉइट, एडिसन, ऑरलैंडो, रैले और सैन जोस में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्रों (आईसीएसी) का वर्चुअली



उद्घाटन किया। लॉस एंजिल्स में जल्द ही एक अतिरिक्त आईसीएसी खोला जाएगा। इस विस्तार के साथ, अमेरिका में आईसीएसी की कुल संख्या 17 हो गई है, जिससे भारतीय और अमेरिकी नागरिकों के लिए वाणिज्य दूतावास सेवाएं पहले से कहीं ज़्यादा आसान हो जाएंगी। क्वात्रा ने दूतावास द्वारा दी जाने वाली वाणिज्य दूतावास सेवाओं की पहुंच का महत्वपूर्ण विस्तार बताया।

## हैदराबाद के राजीव गांधी हवाई अड्डे पर अनूठी पहल, यात्रियों का स्वागत करते हैं प्यारे से कुत्ते



*हैदराबाद (भाषा)। अगली बार जब आप हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर आएं और वहां आपको एक प्यारा सा पिल्ला स्वागत करता नजर आए या आपको उसे प्यार से सहलाने का मौका मिले तो हैरान मत होइएगा। हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले 'जीएमआर' समूह ने यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'थेरेपी डॉग प्रोग्राम' शुरू किया है। आरजीआईए के सूत्रों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को शांति और आनंद देने वाला अनुभव प्रदान कराना है।*

## ईयरफोन लगाकर पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया किशोर

**बलिया (उप्र) (भाषा)।** बलिया जिले में रसड़ा थाना क्षेत्र के उदरैना गांव के निकट शुक्रवार शाम ईयरफोन लगाकर संगीत सुनते हुए रेल की पटरी पार कर रहे 16 वर्षीय किशोर की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। बलिया-मऊ रेल प्रखंड पर उदरैना गांव के समीप अरविंद राजभर (16) ईयरफोन लगाकर रेल पटरी पार कर रहा था।

## इसरो का एनालॉग मिशन 'होप' लॉन्च



*नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने इसरो के उच्च-ऊंचाई वाले एनालॉग मिशन 'होप' का औपचारिक उद्घाटन किया है। यह मिशन 1 से 10 अगस्त 2025 तक त्सो कार, लद्दाख में 4,530 मीटर की ऊंचाई में आयोजित किया जाएगा। पृथ्वी के सबसे मंगल जैसे वातावरणों में से एक में स्थापित, 'होप' को मानव शारीरिक प्रतिक्रियाओं के परीक्षण, मिशन प्रोटोकॉल की पुष्टि और अंतरिक्ष उड़ान प्रौद्योगिकियों के मूल्यांकन हेतु ग्रहीय स्थितियों का अनुकरण करने के लिए डिजाइन किया गया है।*

## आयरलैंड में भारतीयों पर हमले के बाद भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

**डबलिन(एजेंसी)।** आयरलैंड में भारतीय नागरिकों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को एडवाइजरी जारी की। डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि हाल ही में आयरलैंड में भारतीय नागरिकों पर शारीरिक हमलों की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। दूतावास इस संबंध में आयरलैंड के संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। साथ ही आयरलैंड में सभी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए उचित सावधानी बरतें और सुनसान इलाकों में जाने से बचें। इसके साथ ही दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी भी शेयर की है। भारतीय दूतावास के इमरजेंसी नंबर 08994 23734 (मोबाइल) या **cons.dublin@mea.gov.in** पर ईमेल करें।

## 'फर्जी' बैंक गारंटी मामले में कंपनी के एमडी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाइ़र की है। व्यापारिक समूहों के लिए 'फर्जी' बैंक गारंटी जारी करने वाला गिरोह संचालित करने के आरोप में ओडिशा की एक कंपनी के प्रबंध निदेशक को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने रिलायंस समूह की एक कंपनी के लिए कथित रूप से 68 करोड़ रुपए की गारंटी भी दी गई थी। संघीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को भुवनेश्वर स्थित 'बिस्वाल ट्रेडलिंक' कंपनी के खिलाफ धन शोधन के इस मामले में छापेमारी शुरू की थी। 'बिस्वाल ट्रेडलिंक' के प्रबंध निदेशक पार्थ सारथी बिस्वाल को पीएमएलए के तहत शुक्रवार को भुवनेश्वर से हिरासत में लिया गया।

### फेरा उल्लंघन का मामला दर्ज

ईडी ने फेरा के कथित तौर पर उल्लंघन कर विदेश से 220 करोड़ प्राप्त करने के आरोप में केरल के एक धर्मार्थ संगठन पर विदेशी मुद्रा उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। कासरगोड स्थित कुन्हाहमद मुसलियार मेमोरियल ट्रस्ट और उसके अध्यक्ष, एनआरआई इब्राहिम अहमद अली के खिलाफ जांच के तहत यह कार्रवाई की गई है।

## पुणे सांप्रदायिक हिंसा में 500 लोगों के खिलाफ पांच प्राथमिकियां दर्ज

**पुणे (भाषा)।** पुणे जिले के यवत गांव में सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर भड़की सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है और 500 से अधिक व्यक्तियों के खिलाफ कुल पांच प्राथमिकी दर्ज की हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 'व्हाट्सएप' पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने वाले युवक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। यवत पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक नारायण देशमुख ने बताया कि अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है और सभी को छह तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## आंबेडकर का सामाजिक-आर्थिक समानता का दर्शन करेगा भावी पीढ़ी का मार्गदर्शन

एजेंसी ▶▶ नागपुर

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने शनिवार को कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा प्रचारित सामाजिक-आर्थिक समानता और न्याय का सिद्धांत आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेगा। न्यायमूर्ति गवई ने यहां डॉ. आंबेडकर कॉलेज के हीरक जयंती समारोह में कहा कि उन्होंने जीवनभर सामाजिक-आर्थिक न्याय की विचारधारा को आत्मसात करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति और विकास किसी भी समाज की तरक्की को मापने का एक पैमाना है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि डॉ. आंबेडकर कॉलेज की छात्राओं ने इन मानदंडों को पूरा किया है। महिला सशक्तीकरण डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि है और उनकी विचारधारा का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।



■ छात्रों से बोले सीजेआई गवई

# निमिषा प्रिया को बचाने यमन नहीं जा सकेंगे एक्शन काउंसिल के 5 सदस्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केरल की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन के एक नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में दी गई फांसी की सजा पर रोक लगाने की चर्चा इन दिनों देश-विदेश में जोरों पर है। पहले मुस्लिम धर्मगुरु कंथापुरम मुसलियार ने मामले में दखल देकर कुछ सफलता हाथ लगने का दावा (गलत साबित हुआ) किया था। तो वहीं, अब 'सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' नामक एक परिषद ने इस संबंध में विदेश मंत्रालय से पांच सदस्यीय दल को यमन की यात्रा करने का अनुरोध किया। जिसे मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया है। इसके अलावा भारत की तरफ से कभी भी निमिषा को दी गई फांसी की सजा के रद्द होने की बात नहीं कही गई है। सरकार ने केवल यही कहा है कि इसे अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। मामले पर कड़ी निगरानी के साथ ही विदेश मंत्रालय ने निमिषा प्रिया के परिवार को हर संभव मदद देने की बात भी कही है।

### खारिज करने की वजह



मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में यमन में बने हुए तनावपूर्ण सुरक्षा हालात के बीच भारत ने अपना दूतावास वहां से सऊदी अरब की राजधानी रियाद में स्थानांतरित किया हुआ है। ऐसे में मंत्रालय के समक्ष यमन में इन लोगों की सुरक्षा और कल्याण चिंता का एक बड़ा मुद्दा है। यमन की राजधानी में भारत की कूटनीतिक रूप से कोई मौजूदगी नहीं है। बीते कुछ महीनों से सना में सुरक्षा हालात काफी खराब हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25